# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 27 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण 12- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 81, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ उच्च शिक्षा की परम्परा और प्रयोग

नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं अभिनेत्री कृति सेनन ◀◀ 6



ADMISSION OPEN 2025-26

Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)

www.jkinternationalschool.co.in

7369017904, 7369017912

AFFILIATION NO.: 3430373

SCHOOL NO.: 66578

Affiliated to CBSE, New Delhi

J.K. INERNATIONAL SCHOOL

(An English Medium Co-educational 10+2, Residential cum Day School)

We Choose Us

HOSTEL FACILITY
CRICKET ACADEMY, SWIMMING POOL, GYM ETC.
PLAY WAY METHOD OF TEACHING
QUALIFIED & CARING STAFF
COMPUTER LAB
ART & CRAFT ROOM
ENCLOSED OUTDOOR PLAY AREA
ASSESSMENT & COUNSELLING
TRANSPORT FACILITY
WORLD-CLASS INDOOR AND OUTDOOR GAME FACILITIES

Sports
Dance & Music


# हेमंत सोरेन कल चौथी बार थामेंगे झारखंड की बागडोर

**मेट्रो रेज**



**रांची:** हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में 28 नवंबर को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद इंडिया गठबंधन की ओर से हेमंत सोरेन को नेता चुना गया है। ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में होनेवाले शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक 28 नवंबर की शाम 4:00 बजे हेमंत सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के द्वारा दिलाई जाएगी।

हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने जा रही इस नई सरकार में कांग्रेस और राजद कोटे से भी मंत्री बनाए जाएंगे। हालांकि इसको लेकर फामूर्ला क्या होगा यह बुधवार शाम तक तय होगा। जानकारी के मुताबिक बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक होगी, जिसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**कई बड़े नेता होंगे समारोह में शामिल :** इस शपथ ग्रहण समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की तैयारी इंडिया गठबंधन के द्वारा की जा रही है। चुनाव परिणाम से उत्साहित जेएमएम, कांग्रेस और राजद के नेता इस शपथ ग्रहण के जरिए देश के अन्य राज्यों तक इंडिया गठबंधन की जीत का मैसेज देने में जुटे हैं। शायद यही वजह है कि राहुल गांधी से लेकर ममता बनर्जी तक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे कहते हैं कि अब तक देशभर के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री सहित इंडिया गठबंधन के 20 बड़े नेताओं के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में आने की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, प। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सहित कई ऐसे नाम हैं जो समारोह में उपस्थित रहेंगे।

**पीएम से लेकर कई केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रण :** शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने के लिए सीएम हेमंत सोरेन खुद दिल्ली गए हुए हैं। इसके अलावा इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, लालू प्रसाद यादव सहित इंडिया गठबंधन के कई नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

इस शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने के लिए विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री खासकर तेलंगाना, तमिलनाडु, पंजाब, मेघालय के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही कई केंद्रीय मंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया है।



## राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही करनी पड़ी स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** बुधवार को राज्यसभा में सदन की कार्रवाई प्रारंभ होने के कुछ देर बाद ही विपक्ष ने नियम 267 के तहत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग की। सभापति ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया। इसके कारण विपक्षी सांसद सदन में हंगामा करने लगे और सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने के कुछ देर बाद ही स्थगित करनी पड़ी।

आम आदमी पार्टी के एक सांसद ने दिल्ली की कानून व्यवस्था और राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते अपराधों पर पर चर्चा करने की मांग सदन के समक्ष रखी। वहीं सुष्मिता देव, राघव चड्ढा, त्रिरूची शिवा, संतोष कुमार पी जैसे विपक्षी सांसदों ने मणिपुर हिंसा को लेकर चर्चा की मांग की। डॉ जॉन बिटास, ए ए रहीम, प्रोफेसर रामगोपाल यादव और अब्दुल वहाब ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा और उसके बाद उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की मांग की। विपक्ष के ये सांसद चाहते हैं कि सदन की अन्य कार्यवाहियों को स्थगित करके इन विषयों पर चर्चा कराई जाए। विपक्षी सांसद नियम 267 के तहत चर्चा की मांग कर रहे थे। हालांकि सभापति जगदीप धनखड़ ने सांसदों की इस मांग को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया और इसके चलते सदन की कार्यवाहीं 11 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले जब सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र प्रारंभ हुआ था तब भी राज्यसभा में विपक्षी सांसद मणिपुर हिंसा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करते दिखे थे। मणिपुर और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए कई विपक्षी सांसदों ने बुधवार को भी राज्यसभा के सभापति को नोटिस दिया था।

# लातेहार में मारा गया 15 लाख का इनामी माओवादी छोटू खरवार, एनआईए का था मोस्ट वांटेड

**मेट्रो रेज**



**लातेहार :** 15 लाख का इनामी माओवादी छोटू खरवार आपसी लड़ाई में मारा गया है। यह घटना लातेहार जिले के नवाडीह में मंगलवार की देर रात हुई है। नक्सली कमांडर छोटू खरवार 100 से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त था। लातेहार के अलावा अन्य जिलों के थानों में भी इसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसका नाम एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।

**छोटू खरवार के नेतृत्व में माओवादी गुमला, लोहरदगा और लातेहार इलाके में थे सक्रिय :** माओवादी कमांडर छोटू खरवार लातेहार के छिपादोहर के इलाके का रहने वाला है। बूढ़ापहाड़ पर अभियान ऑक्टोपस के बाद माओवादी संगठन की कमान छोटू खरवार ने संभाली थी। छोटू खरवार के नेतृत्व में माओवादी गुमला, लोहरदगा और लातेहार के इलाके में सक्रिय थे। छोटू खरवार माओवादियों का कोयल और शंख जोन का इंचार्ज था। पुलिस को सूचना मिली थी कि बूढ़ापहाड़ के इलाके से बचकर भागे माओवादी छोटू खरवार के साथ हो गये हैं। हाल के दिनों में छोटू खरवार ने लेवी के लिए कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। जबकि लातेहार के छिपादोहर के इलाके में उसने एक दैनिक वेतन भोगी कर्मी की हत्या भी की थी।

**2019 में छोटू की पत्नी हुई थी गिरफ्तार :** 21 दिसंबर 2016 को बालूमाथ पुलिस ने सहारा इंडिया के मैनेजर चंदन कुमार के पास से 3 लाख रुपए बरामद किए थे। तब मैनेजर ने पुलिस से कहा था कि पैसे छोटू खेरवार के हैं।छोटू के 26 लाख रुपए की निवेश की डिपोजिट स्लिप भी पुलिस को मिली थी, जिसमें 12 लाख उसकी पत्नी ललिता के नाम पर थे।19 जनवरी 2018 को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने केस टेकओवर किया था। नक्सलियों का पैसा निवेश कराने के मामले में ललिता देवी को दो जुलाई 19 को वांटेड घोषित किया था। एनआईए ने 19 अक्टूबर 2019 उसे लातेहार से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ जनवरी 18 से मुकदमा दर्ज था।

पलामू डीआईजी वाई एस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। डीआईजी का कहना है कि आपसी विवाद में माओवादी छोटू खरवार की हत्या हुई है। हालांकि पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही हत्या का कारण साफ हो पाएगा।

दरअसल, कुछ दिनों से माओवादियों के बीच आपसी रंजिश चल रही थी। बताया जाता है कि मंगलवार की रात समझौते के लिए माओवादी नक्सली भीमपाव जंगल में इकट्ठा हुए थे। इसी बीच विवाद बढ़ गया और माओवादी एक-दूसरे से उलझ गए। इस दौरान एक माओवादी ने छोटू खरवार की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद मृतक के शव को जंगल में छोड़कर अन्य नक्सली मौके पर से फरार हो गए। इस संबंध में पलामू डीआईजी वाई एस रमेश ने बताया कि जंगल में जो बॉडी मिली है, वह माओवादी छोटू खरवार की ही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले की स्पष्ट जानकारी हो पाएगी।

# 6जी की ओर कदम, 5जी में बदलाव: भारत में 2030 तक नई डिजिटल क्रांति का आगाज




**नई दिल्ली :** टेलीकॉम इंडस्ट्री की प्रमुख कंपनी एरिक्शन ने हाल ही में 6जी टेक्नोलॉजी को लेकर एक बड़ा अपडेट जारी किया है। कंपनी के मुताबिक, दुनिया फिलहाल 5जी (स्टैंडअलोन) और 5जी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के दौर में प्रवेश कर रही है। इसके बाद 6जी तकनीक टेलीकॉम सेक्टर में कई बड़े बदलाव लेकर आएगी, जो नेटवर्क को पूरी तरह से बदलकर रख देंगे। इस रिपोर्ट में खासतौर पर यह भी बताया गया है कि भारत में 6जी का लॉन्च कब हो सकता है और 5जी नेटवर्क में क्या बड़े बदलाव होने वाले हैं।

**भारत में 6जी का लॉन्च कब होगा? :** एरिक्शन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत समेत दुनिया के कई प्रमुख देशों में 6जीटेक्नोलॉजी की तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। कंपनी का मानना है कि 6जी2030 के आसपास लॉन्च हो सकता है। भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन और अमेरिका जैसे देशों में इस नई तकनीक के लिए शोध और परीक्षण लगातार जारी हैं। फिलहाल, दुनिया भर में 5जीनेटवर्क का विस्तार हो रहा है, लेकिन 6जीके आने के बाद टेलीकॉम इंडस्ट्री में एक नई क्रांति देखने को मिलेगी। एॠ२२ङ्कल्ल के मुताबिक, वर्तमान में दुनिया के 320 से ज्यादा टेलीकॉम ऑपरेटर्स 5जीरअ नेटवर्क की कमर्शियल सर्विस दे रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ 20% क्षेत्र को ही कवर कर रहा है। अगले कुछ सालों में इस आंकड़े के 60% तक पहुंचने की संभावना है। यानी 2030 तक 5जीका नेटवर्क दुनिया भर में और ज्यादा फैल जाएगा, और 6जीकी तकनीक को भी अपनाया जाएगा।

भारत में 5जीनेटवर्क का विस्तार पिछले कुछ समय में बहुत तेजी से हुआ है। एयरटेल और जियो जैसी कंपनियों ने देश के लगभग सभी जिलों में 5जीसर्विस को शुरू कर दिया है। लेकिन दोनों कंपनियां 5जीनेटवर्क को अलग-अलग तकनीकों के साथ पेश कर रही हैं।

**5जीएडवांस्ड: अगले स्तर का नेटवर्क :** अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि 5जीएडवांस्ड टेलीकॉम नेटवर्क के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकता है। इस तकनीक के जरिए उच्च क्षमता और बेहतर यूजर अनुभव मिलने की संभावना है। जैसे-जैसे 5जीएडवांस्ड नेटवर्क को रोल आउट किया जाएगा, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस के जरिए मोबाइल डेटा ट्रैफिक अब तीन गुना तक बढ़ सकता है। इस बदलाव से डेटा की स्पीड और गुणवत्ता में भी सुधार होगा, जो उपयोगकताओं को बेहतर अनुभव देगा। 5जीएडवांस्ड के आने से, स्मार्टफोन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स , ऑटोनोमस व्हीकल्स, और कई अन्य क्षेत्रों में भारी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। यह नई तकनीक मोबाइल डेटा ट्रैफिक को पहले से ज्यादा तेज और कुशल बनाएगी।

**भारत में डेटा खपत में सबसे आगे :** आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि भारत पहले से ही मोबाइल डेटा खपत में दुनिया में सबसे आगे है। देश में तेजी से बढ़ती इंटरनेट उपयोगकर्ता संख्या और डेटा की बढ़ती खपत इसे साबित करती है। भारत में 5जीनेटवर्क के आने के बाद, यह डेटा खपत और भी ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। 5जीएडवांस्ड के बाद, यह आंकड़ा और भी तेजी से बढ़ सकता है, जिससे भारत को और भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**6जीका भविष्य :** जब 6जीनेटवर्क लॉन्च होगा, तो यह इंटरनेट कनेक्टिविटी के कई पहलुओं में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। 6जीके आने से इंटरनेट स्पीड और कनेक्टिविटी में इतना सुधार होगा कि यह आज के 5जीऔर 4जीनेटवर्क के मुकाबले कहीं ज्यादा तेज और प्रभावी होगा। 6जीनेटवर्क में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), मशीन लर्निंग (टछ), और हाइपर-कनेक्टिविटी जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा, जो न केवल इंटरनेट स्पीड को बढ़ाएगा, बल्कि नए उपयोगकताओं के लिए भी यह अधिक सक्षम और प्रभावी साबित होगा। भारत में 6जीनेटवर्क की शुरूआत होने के बाद, यह देश में स्मार्ट सिटीज, स्वचालित वाहन, और डिजिटल हेल्थकेयर जैसी तकनीकी प्रगति को भी बढ़ावा देगा। इसके साथ ही, शिक्षा, कृषि, और उद्योगों में भी 6जीतकनीक से कई नये अवसर उत्पन्न होंगे।

## तोपा कोलियरी में चली 20 राउंड गोली, ट्रांसपोर्टर-कारोबारी निशाने पर

**रांची :** झारखंड के अपराध जगत में एक नये गैंगस्टर की एंट्री हो गयी है. कोयलांचल में अपने अलग गैंग की शुरूआत करते हुए दर्जनों संगीन आपराधिक केस के आरोपी राहुल दुबे के गुर्गों ने जमकर उत्पात मचाया है. राहुल दुबे गैंग के शूटरों ने तोपा कोलियरी में करीब 20 राउंड फायरिंग की है. घटना के बाद राहुल दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तोपा कोलियरी में हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है. जारी प्रेस विज्ञप्ति में राहुल दुबे ने कहा कि तोपा कोलियरी में जो घटना हुई है, उसकी जिम्मेदारी मैं राहुल दुबे लेता हूं. आगे कहा कि हमारा अमन साहू गैंग से कोई लेना देना नहीं है, आज के बाद रामगढ़ में हम खुद का गिरोह चलायेंगे, आगे सभी कोयला व्यवसायी, बालू माफिया, जमीन दलाल को सूचित किया जाता है कि बिना राहुल दुबे से मैनेज किये कोई काम ना करे।

## न्यूज ब्रीफ



### सिल्ली पुलिस ने अवैध बालू लदे 2 टिपर हाइवा पकड़ा, कई भागने में रहे सफल

**सिल्ली :** सिल्ली पुलिस द्वारा बीती रात गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के रंगामाटी से 2 अवैध बालू लदा टिपर हाइवा पकड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है टिपर हाइवा का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01एफआर -6124 और जेएच01एफ -7696 है। बताया यह भी जाता है कि पुलिस द्वारा गाड़ी पकड़े की सुचना मिलते ही राढू नदी के रंगामाटी बालू घाट से अवैध बालू लादकर आ रहे अन्य कई टिपर हाइवा वाले जहां तहां बालू गिरा कर भागने सफल रहे।पकड़े गए टिपर हाइवा का मालिक बालू माफिया राधू महतो और दूसरा बसंतपुर के विवेक कुमार साहू का बताया जाता है। सूत्रों का माने तो राढू नदी का रंगामाटी बालू घाट से रोजाना 30 से 40 टिपर हाइवा अवैध बालू लादकर बसंतपुर-बनसिया पार करते हुए जंगल के रास्ते घनबंसार जरवाडीह होते हुए अनगड़ा टाटीसिलवे एंव रांची आसपास जाता है जहां मनचाहा दामों में बेचा जाता है। बनसिया के ग्रामीण कहते है रात भर बालू की ढूलाई होता है जिसे नींद हराम हो जाता है, बालू माफियाओं को पुलिस प्रशासन का बालू संरक्षण के कारण उनलोगों का हौंसला बुलंद रहता है ग्रामीणों कुछ नही समझते है।

### मिथिला अकेडमी में शुरू हुआ सांस्कृतिक सप्ताह 'दर्पण'



**बोकारो :** शैक्षणिक सत्र (2024- 25) मिथिला अकेडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4/ई में उत्साह पूर्ण वातावरण में सांस्कृत सप्ताह दर्पण का शुभारंभ किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे मुख्य अतिथि विपुल कुमार सिंह₹ प्राचार्य रेनबो पब्लिक स्कूल , प्राचार्य अशोक कुमार पाठक , देव दुलाल मित्रा, रागिनी प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदन भारती सदन, वाचस्पति सदन, विद्यापति सदन एवं विरसा सदन के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने आज की कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दिया ।आज के रोल प्ले का शीर्षक था ₹इंडियन हीरो₹। कक्षा 2 से कक्षा 3 तक के छात्रों में प्रथम स्थान अनुज गुप्ता बरसा सदन, द्वितीय स्थान निकिता कुमारी विद्यापति सदन ,तृतीय स्थान परी कुमारी भारतीय सदन एवं सांत्वना पुरस्कार वैष्णवी कश्यप वाचस्पति सदन को दिया गया। वहीं कक्षा 4 से कक्षा 5 तक बच्चों में प्रथम स्थान फरहान राजा भारती सदन, द्वितीय स्थान तितिक्षा कुमारी विद्यापति सदन ,तृतीय स्थान आराध्या शर्मा बिरसा सदन एवं सांत्वना पुरस्कार अंकित साडलिया वाचस्पति सदन को दिया गया । मंच का संचालन अर्चना दुबे द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि विपुल कुमार सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है , जो जीवन में अग्रसर होने में सहायक सिद्ध होता है। अध्यक्ष हरिमोहन झा ने बच्चों को अपने संदेश में कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्रों के अंदर छिपी हुई संभावनाओं को जागृत करने का सुनहरा अवसर मिलता है। सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन ने अपने संदेश मे बच्चों के चौमुखी विकास की शुभकामना दी। प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हम अपने इंडियन हीरो के बारे में जाने तो वे हमें जीवन में अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं।

### 75 व' संविधान दिवस पर बोकारो कोर्ट में भव्य आयोजन



**बोकारो :** आज बोकारो कोर्ट परिसर में बोकारो के वरीय अधिवक्ता एम एल ओझा ने संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में अधिवक्ता ओझा ने कहा कि आज के दिन है 26 नवंबर 1949 को भारत में संविधान अंगीकार किया गया था। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता रणजीत गिरि ने वहा उपस्थित अधिवक्तावो को संविधान के मूल प्रस्तावना का पाठ करवाया। गिरि ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में संविधान को लागू हुए 75 वर्ष हो गए उसके उपलक्ष्य में हम सभी एक वर्ष तक संविधान के प्रति जागरूकता के लिए जन जागरण अभियान चलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा ताकि संविधान के बारे में लोग अपने अधिकार को जाने। अधिवक्ता अतुल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर बीरेंद्र प्रसाद महतो, रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, विष्णु चरण महाराज, राणा प्रताप शर्मा, अरूप चक्रवर्ती, काली पद मांझी, गुरु चरण रजवार, मो हरीश, श्रीमती वीणा रानी, भुवनेश्वर प्रसाद, शंकर कुमार महतो, प्रफुल्ल कुमार सिंह, दीपिका सिंह,रीना कुमारी, दीप्ति सिंह, मो हसनैन आलम, वंशिका सहाय, विकास प्रजापति, अंकित ओझा, राज श्री, संजीत कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, संदीप पूर्ति, रवि कुमार, अशोक कुमार यादव, निखिल कुमार दे, समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल थे।

### अवैध लदे ट्रैक्टर में स्टोन चिप्स के साथ उत्पाद विभाग ने जप्त किया



**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार बोकारो जिला के पिंडराजोरा थानांतर्गत सोनाबाद क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें अवैध रूप से स्टोन चिप्स का प्रेषण करते हुए एक ट्रेक्टर को पकड़ा गया जिसे पिण्डराजोड़ा थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी। इसी क्रम में सेक्टर 12 थानान्तर्गत सेक्टर 12 सी के समीप अवैध रुप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए 01 ट्रेक्टर को पकड़ा गया जिसे सेक्टर 12 थाना को सुपुर्द किया गया। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू , एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

# झारखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हो रहा है हमला : रविन्द राय

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद से राज्य में चल रही हिंसा पर बीजेपी ने कड़ी आपत्ति जताई है. पार्टी नेता ने इसके पीछे झारखंड मुक्ति मोर्चा का हाथ होने का आरोप लगाया है। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राय ने रांची में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए झामुमो और कांग्रेस पार्टी पर जमकर प्रहार किया. उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा जिस तरह से बरहेट सहित राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों को टारगेट कर मारपीट और भय का माहौल बनाया जा रहा है, उससे माहौल खराब हो रहा है.

उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव से तुरंत ऐसे लोगों पर कारवाई करने का आग्रह किया जो माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रही है और विपक्ष में भी रही है. हमें इस चुनाव परिणाम के जरिए कम आंकने की भूल झारखंड मुक्ति मोर्चा न करें।

झारखंड में जगह-जगह हो रहे राजनीतिक हमले और आम लोगों के साथ हो रही मारपीट और प्रताड़ित किए जाने की घटनाओं की निंदा की. भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने चेतावनी देते हुए कहा है कि झामुमो-कांग्रेस पार्टी, झारखंड को बंगाल बनाने की कोशिश ना करे।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मयार्दा रखते हुए हमने जनादेश का सम्मान करते हुए बधाई भी दी है, मगर भाजपा राजनीतिक रुप से इतनी कमजोर नहीं हो गई है जो अपमान और प्रताड़ना को बर्दाश्त कर लें. उन्होंने यहां तक कह दिया कि भाजपा कार्यकताओं ने चूड़ी नहीं पहन रखी है। यदि प्रशासन कुछ नहीं करेगा और लोगों का गुस्सा बाहर हो गया तो हालत गंभीर हो जाएंगे.

**झामुमो और कांग्रेस पर लोगों को भयभीत करने का लगाया आरोप :** भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जाए मगर झारखंड मुक्ति मोर्चा का हमेशा से संथाल में घरों में जाकर भयभीत करने की आदत रही है. वह कहते ही रहे हैं कि हारेंगे तो हुरेंगे और जीतेंगे तो थुरेंगे।

रविंद्र राय ने कहा कि यह उनकी पुरानी आदत रही है, लेकिन मैं स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहता हूं कि झामुमो-कांग्रेस के लोग झारखंड को बंगाल बनाने की कोशिश न करें. उन्होंने कहा कि जामताड़ा में मतगणना के बाद बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन को कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा अपमानित किया गया, उसके बाद बरहेट में भाजपा समर्थकों पर हमला किया गया है. उन्होंने बहरागोड़ा में चुनाव जीतने वाले जेएमएम प्रत्याशी समीर मोहंती के भतीजे और भांजे पर आरोप लगाया कि वे लोग पिछले तीन दिनों से भाजपा नेता और कार्यकताओं के साथ मारपीट कर रहे हैं।

### डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने ली भारतीय संविधान की रक्षा की शपथ

## राष्ट्र की समृद्धि के लिए सवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन जरूरी : प्राचार्य डॉ. गंगवार




मेट्रो रेज

**बोकारो :** भारत का संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, संवैधानिक दायित्वों व अधिकारों की महत्ता से अवगत कराने तथा इसके प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर संवैधानिक प्रावधानों और नियमों के अनुपालन तथा इसकी रक्षा की शपथ ली। बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना को रंग-बिरंगे अक्षरों में कलाकृति बनाकर लिखे। उन्होंने संविधान-निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर बनाई तथा आकर्षक चित्रकारी करते हुए पोस्टर आदि भी तैयार किए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने संविधान दिवस की महत्ता रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी है। उन्होंने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद बताते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान, समृद्धि व शांति के लिए इसका सम्मान और अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित दस्तावेज व राष्ट्रीय ग्रंथ स्वरूप है, जिसे अंगीकृत किए हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है।

### बिंदेश्वर राम पासवान की पुण्यतिथि में कंबल वितरण किया गया



**गोमिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार को पासवान समाज के पूर्व मुखिया स्वर्गीय बिंदेश्वर राम पासवान की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। मंदिर परिसर में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान स्वर्गीय बिंदेश्वर राम पासवान की पुत्री सुरभि योग ने जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच 30 कंबल का वितरण किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पासवान समाज के पूर्व मुखिया स्वर्गीय बिंदेश्वर राम पासवान की स्मृति में कोठीटांड में सार्वजनिक वीर हनुमान पंचमुखी मंदिर का निर्माण कराया गया है। उनके द्वारा सामाजिक उत्थान की दिशा में कई सराहनीय कार्य किए गए हैं। वे कोठीटांड गांव के ग्रामीणों के अभिभावक स्वरूप थे। इस अवसर पर मोहन राम पासवान, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, बालमुकुंद अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, दीपक पासवान, अमन पासवान, महेंद्र पासवान, भागीरथ पासवान, अरविंद पासवान, संतोष पासवान, मोहन राम, नारायण पासवान, मंटू पासवान, राजेंद्र पासवान, अर्जुन पासवान, गुलाब पासवान,राजू शाह, मिथिलेश स्वर्णकार, सुरेश पासवान सहित कई महिला पुरुष ग्रामीण मौजुद थे।

### मुरी पुलिस ने शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर छेड़छाड़ व अनैतिक कार्य करने वाले को भेजा जेल



**सिल्ली :** मुरी पुलिस ने झारखंड मोड़ स्तिथ शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा को छेड़छाड़ करने व राजनीतिक पार्टी के झंडा के साथ अनैतिक कार्य करने के आरोप में ब्राह्मणडीह निवासी बुद्धेश्वर महतो ऊर्फ बुचा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस का मानना है कि आरोपी ने धार्मिक एवं सामाजिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम किया है इससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने के प्रबल संभावना थी। पुलिस प्रशासन द्वारा कहा गया की अगर किसी व्यक्ति के द्वारा समाज एवं क्षेत्र के माहौल को बिगड़ने का प्रयास किया जाता है तो अविलम्ब कानूनी करवाई की जाएगी। दरअसल झारखंड मोड़ स्थित शहीद रघुनाथ महतो के आदमकद प्रतिमा स्थल पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का लगा झंडा को आरोपी ने उखाड़ कर फेंक दिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसे नाराज होकर झामुमो कार्यकत्ताओं ने कुछ समय के लिए सड़क पर उतर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग भी किया था।

## दो हत्याकांड का खुलासा: एक में किशोरों ने ली वृद्ध की जान, दूसरे में प्रेमी निकला कातिल



**खूंटी:** जिला की तोरपा पुलिस ने दो अलग-अलग हत्याकांड का सोमवार को खुलासा किया है. साथ ही हत्याकांड के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और दूसरे मामले में चार नाबालिगों को निरुद्ध किया गया है. तोरपा डीएसपी ख्रिस्तोफर केरकेट्टा ने प्रेस वार्ता कर दोनों कांडों के उद्भेदन की जानकारी दी है। डीएसपी ने बताया कि शुक्रवार को रायशिमला बांध टोली के जतरा से लौट रहे 50 वर्षीय बुधुवा उरांव की हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है. उन्होंने बताया कि हत्याकांड के अनुसंधान के क्रम में चार नाबालिगों की संलिप्तता सामने आयी. जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते चारों नाबालिगों को पकड़कर पूछताछ की. नाबालिगों ने पुलिस को बताया कि अंधविश्वास के कारण लाठी-डंडे से पीट-पीटकर बुजुर्ग की हत्या कर दी थी। पुलिस की पूछताछ में नाबालिगों ने बताया कि तीन वर्ष पहले एक किशोर के पिता पर बुधवा उरांव द्वारा जादू-टोना करने का शक था. इसके कुछ दिन बाद उस बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी थी. जादू-टोना का शक करने और अपनी पिता की हत्या के प्रतिशोध में बुधुवा उरांव की हत्या की गई. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर खून लगे किशोरों के कपड़े और खून लगी लाठी भी बरामद की है. इस मामले के उद्भेदन के बाद चारों नाबालिगों को निरुद्ध किया गया और बाल सुधार भेज दिया गया है। वहीं एक अन्य हत्याकांड का भी तोरपा पुलिस ने सोमवार को उद्भेदन कर दिया है. पिछले दिनों पुलिस ने जरियागढ़ के जोजोदाग गांव स्तिथ भगवान पांजी टोंगरी से एक कंकाल बरामद किया था. छानबीन में पता चला कि वो कंकाल एक युवती का था और युवती की हत्या की गई थी. पुलिस ने हत्याकांड में शामिल युवती के प्रेमी नरेश भेंगरा को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस दोनों कांड के उद्भेदन में डीएसपी ख्रिस्तोफर केरकेट्टा, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, पुलिस अवर निरीक्षक अमरेन्द्र मंडल सहित दोनों थाना के जवानों की अहम भूमिका रही।

## संविधान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन, निरसा और खूंटी में पुलिस पदाधिकारियों ने ली संविधान की शपथ

**धनबाद/खूंटी:** भारत के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह शुरूआत की घोषणा की है. यह निर्णय भारतीय लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे संस्थापक सिद्धांतों तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दशार्ता है, जो संविधान दिवस 26 नवंबर 2024 यानी मंगलवार से शुरू हुआ. ये समारोह 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे हैं और इसका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मुल्यों को दोहराते हुए संविधान के निमार्ताओं के योगदान का सम्मान करना है. उसी के तहत पूरे देश के सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों में जगह-जगह संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए हुए संविधान को याद किया जा रहा है. इस मौके पर निरसा अनुमंडल पुलिस कार्यालय परिसर में भी संविधान दिवस मनाया गया. जहां निरसा अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना एवं ओपी प्रभारी उपस्थित हुए. एसडीपीओ रजत मणिक बाखला द्वारा संविधान की शपथ को दोहराया गया. एसडीपीओ ने बताया कि आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया. जो 26 जनवरी 1950 से लागू है।

**संविधान दिवस समारोह को लेकर जानकारी देते निरसा एसडीपीओ (ईटीवी भारत) :** भारतीय संविधान ने इतिहास में एक नए युग की शुरूआत की है. 26 नवंबर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधान को अपनाया गया था, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है।

### हजारीबाग नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद को सिल्ली शौणिडक समाज से बधाई एवं शुभकामनाएं

**सिल्ली –**हजारीबाग विधान सभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने वाले प्रदीप प्रसाद हमारे समाज से हैं।उनका रिश्ता भी सिल्ली में है। भाजपा से काफी मार्जिन से वे जीते हैं। जनता के बीच उनका पकड़ अच्छा माना जाता है। बहुत कम ही समाज में लोग हैं जो इस तरह का वर्चस्व बना कर रख पाते हैं।मैं उन्हें पूरे समाज कि ओर से हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। अध्यक्ष -शौडिक समाज सिल्ली, प्रदीप बाबु, आपको भाजपा द्वारा हजारीबाग विधानसभा के प्रत्याशी घोषित किया गया हैं, यह सुड़ी समाज के लिए अत्यंत गौरव की बात है। हमारे शौडिंक जा० मंच सिल्ली की ओर से हृदय से शुभकामनाएं एवं बहुत बहुत बधाई साथ ही सम्पूर्ण झारखंड के सुड़ी समाज की ओर से आपके गौरवशाली जीत में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहभागी बनकर रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करने की ईश्वर से कामना करते हैं। बहुत बहुत धन्यवाद के साथ आपका: हमारे समाज के गौरव नवनिर्वाचित विधायक माननीय प्रदीप प्रसाद जी को शौडिंक जागरण मंच सिल्ली से जुड़े सम्पूर्ण सुड़ी समाज की ओर से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके इस जीत से सुड़ी समाज गौरवान्वित है और आशा करते हैं आप अपने नाम को सार्थक करते हुए समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े वयक्ति को राह दिखाने में अहम भूमिका निभायेंगे।

# हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण, राहुल गांधी और खड़गे होंगे शामिल

मेट्रो रेज



रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन ने झारखंड विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्ता की चाबी अपने पास बरकरार रखी. नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा. खबर के मुताबिक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जेएमएम नेता हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं.

वहीं, दूसरी तरफ गठबंधन सरकार में कांग्रेस को मिलने वाले चार मंत्री पद के लिए पैरवी भी तेज हो गई है. इसको लेकर कई नवनिर्वाचित विधायक दिल्ली में स्थित पार्टी मुख्यालय में डेरा डाले हुए हैं. पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, जेएमएम नेता हेमंत सोरेन मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में राहुल गांधी और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को अपने शपथ ग्रहण समारोह के लिए व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने आए थे. जानकारी के मुताबिक, झारखंड में कांग्रेस कोटे से कितने नेता मंत्री पद की शपथ लेंगे, इस पर भी चर्चा की उम्मीद जताई गई है।

इस विषय पर झारखंड के एआईसीसी प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि, हेमंत सोरेन राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि, अगर समय रहा तो वे लोग शपथ ग्रहण में शामिल होंगे. उन्होंने आगे कहा कि, एक बार आयोजन का प्रारूप तय हो जाने के बाद शीर्ष आलाकमान कांग्रेस कोटे से मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देगा।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि, झारखंड की जीत ने भाजपा की ध्रुवीकरण की राजनीति को हरा दिया है और देश को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है. पिछले पांच सालों में किए गए विकास और कल्याण कार्यों के कारण इंडिया ब्लॉक सरकार को फिर से सत्ता में आ रही है. गुलाम अहमद मीर ने कहा कि, झारखंड में एनडीए के खिलाफ इंडिया ब्लॉक की लगातार दूसरी बार शानदार जीत ऐसे समय में आई है जब गठबंधन को महाराष्ट्र में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि, इंडिया ब्लॉक ने न केवल दूसरा कार्यकाल जीता बल्कि 2019 में 47 सीटों से इस बार 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में अपनी सीटों की संख्या में सुधार किया. कांग्रेस ने 16 सीटें जीती हैं और तय फॉमूर्ले के मुताबिक उसे 4 मंत्री पद मिलेंगे. कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, बन्ना गुप्ता, अजय कुमार, अंबा प्रसाद, बादल पत्रलेख और केएन त्रिपाठी समेत कई बड़े नेता चुनाव हार गए, जबकि कई नए चेहरे विधानसभा में पहुंचे और उन्हें कैबिनेट में जगह मिलने की उम्मीद है।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि, पुराने चेहरों में दीपिका पांडे सिंह को शामिल किया जा सकता है, जिन्हें चुनाव से कुछ महीने पहले मंत्री बनाया गया था. मीर ने कहा कि, यह स्वाभाविक है कि विधायक मंत्री पद के लिए लॉबिंग करें, लेकिन इसका फैसला हाईकमान करेगा।

वहीं, पूर्व राज्य इकाई प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा कि, भाजपा ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली पिछली सरकार को हटाने की कोशिश की थी और बाद में चंपई सोरेन को भी अपने पाले में कर लिया, जिन्होंने जेल में रहने के दौरान हेमंत की जगह ली थी, लेकिन आदिवासी इलाकों से उन्हें कोई सहानुभूति नहीं मिली. उन्होंने कहा कि, यह भगवा पार्टी के लिए संदेश है और उम्मीद है कि उन्हें यह संदेश मिल जाएगा. ठाकुर ने कहा, जहां तक ?कांग्रेस का सवाल है, हम वादों पर काम करने और पार्टी संगठन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## ट्रांसपोर्ट नगर फेज 02 का निर्माण कार्य प्रारंभ

रांची : ट्रांसपोर्ट नगर फेज 02 का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। परन्तु विचारणीय यह है कि क्या यह व्यवहारिक रूप में ट्रांसपोर्ट नगर होगा, या वाहन पड़ाव को ही ट्रांसपोर्ट नगर मान लिया जाए? ट्रांसपोर्ट नगर में वाहन पड़ाव के साथ परिवहन प्रतिष्ठानों के कार्यालय के साथ समुचित गोदाम की भी व्यवस्था होगी, तभी ट्रासंपोर्ट नगर कहना उचित होगा। प्रथम चरण के ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण पूरा होने के बाद ऐसा तो कदापि नहीं लगता कि कथित ट्रांसपोर्ट नगर में परिवहन व्यवसाय की अन्य गतिविधियों को करना संभव होगा। दूसरे चरण के ट्रांसपोर्ट नगर कुछ ऐसी ही व्यवस्था है। जबकि रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन ने सरकार से निरंतर मांग की है ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण परिवहन व्यवसाई वर्ग के अनुकूल हो, और एक बार संगठन की राय तो लेना ही चाहिए। परन्तु सरकार अपनी अनुसार ही बनाना चाहती है।


**कार्यालय:- असैनिक शल्य चिकित्सक -सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,राँची**
**(जिला कार्यक्रम प्रबंधनइकाई, राँची)**
Email ID: - csofficeranchi@yahoo.com

एतद् को सूचित किया जाता है कि सदर अस्पताल, राँची में महिला बन्ध्याकरण (Minilap) एवं पूरूष नसबन्दी (NSV) का निःशुल्क कैंप निम्न तिथियों को आयोजित की जा रही है।

| SL No | CAMP | Date | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Induction) | 25-11-2024 - 06-12-2024 | |
| 2 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Induction) | 25-11-2024 - 06-12-2024 | |
| 3 | पुरूष नसबंदी (NSV Induction) | 25-11-2024 - 29-11-2024 | |
| 4 | पुरूष नसबंदी (NSV Induction) | 02-12-2024 - 06-12-2024 | |
| 5 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Refresher) | 03-01-2024 - 05-01-2025 | |
| 6 | पुरूष नसबंदी (NSV Refresher) | 09-12-2024 - 11-12-2024 | |
| 7 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Induction) | 09-12-2024 - 20-12-2024 | |
| 8 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Induction) | 09-12-2024 - 20-12-2024 | |
| 9 | पुरूष नसबंदी (NSV Refresher) | 16-12-2024 - 18-12-2024 | |
| 10 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Refresher) | 07-01-2025 - 09-01-2025 | |
| 11 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Refresher) | 10-01-2025 - 12-01-2025 | |
| 12 | महिला बन्ध्याकरण (Minilap Induction) | 15-01-2025 - 26-01-2025 | |

नोट:-आमजनों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथियों में आयोजित निःशुल्क कैंप में भाग लेकर इसका लाभ उठायें।

PR 340409 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची


## आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन




रांची : आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में सहायक महाधिवक्ता आशुतोष आनंद को आमंत्रित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई मुख्य अतिथि को भेंट स्वरूप श्रीफल ,पौधा , मोमेंटो दिया गया। इन्होंने अपने वक्तव्य में संविधान और युवाः भावी नागरिकों का पोषण के संदर्भ में विचार प्रस्तुत किए प्रस्तावना की शपथ दिलाई एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया।

विधि संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा इस अवसर पर भाषण, लघु नाटक का मंचन किया गया जिसमें मौलिक अधिकारों एवं भ्रष्टाचार को उजागर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस चटर्जी कुलसचिव डॉ अमित कुमार पांडे मौजूद थे।स्वागत भाषण छात्र कल्याण संघ की अध्यक्ष डॉ अनिता कुमारी द्वारा दिया गया धन्यवाद ज्ञापन शैक्षणिक संकायाध्यक्ष डॉ शीतल टोप्पणो द्वारा दिया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष आकाश कुमार सिन्हा, अमित झा, जया वत्स, आकाश राज अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## बाल्मीकि आवास में बच्चों को दी गयी संविधान की जानकारी

निधि पाठक



रांची : संविधान दिवस के अवसर पर नामकुम स्थित वाल्मीकि आवास में बच्चों और बड़ों को संविधान की जानकारी दी गई, अधिवक्ता रूना मिश्रा शुक्ला ने कहा कि संविधान मात्र एक पुस्तक नहीं बल्कि यह हमारे लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष एवं समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है. इसमें दी गई मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों को बताया गया खासकर अनुच्छेद 19 अनुच्छेद 20 अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 21ए के बारे में बताया गया साथ ही बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री एवं मिठाईओं का वितरण किया गया क्योंकि रूना का मानना है कि किसी भी निर्योग्यता खासकर आर्थिक निर्योग्यता के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए. बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं इसीलिए समाज के सभी सक्षम लोगों को आगे आकर बच्चों के, समाज के, देश के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

## देवघर एयरपोर्ट केसः जांच के लिए मंजूरी की जरूरत नहीं

रांचीः सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (27 नवंबर) को देवघर एयरपोर्ट मामले में भाजपा सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी व अन्य के खिलाफ एफआईआर रद्द करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई की. सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य से कहा कि वह अपने इस तर्क के समर्थन में निर्णय प्रस्तुत करें कि पूर्व अनुमति के बिना भी जांच जारी रह सकती है. झारखंड हाईकोर्ट ने इस आधार पर प्राथमिकी रद्द कर दी थी कि विमान (संशोधन) अधिनियम, 2020 के अनुसार, कोई पूर्व मंजूरी नहीं ली गई थी. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि जांच के चरण में मंजूरी का सवाल नहीं उठेगा, बल्कि शिकायत दर्ज करने के चरण में ही उठेगा, जब अदालत को शिकायत का संज्ञान लेना होगा. इसलिए प्रतिबंध जांच के चरण में नहीं, बल्कि आरोप पत्र दाखिल करने और जांच पूरी होने के बाद लागू होगा. इसके बाद कोर्ट ने इस तर्क का समर्थन करने के लिए निर्णय मांगे. न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि इसी तरह के मामलों में, ऐसे निर्णय हैं जो यह मानते हैं कि संज्ञान लेने से पहले जांच की जा सकती है और उस सामग्री का उपयोग शिकायत दर्ज करने के लिए किया जा सकता है.


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता बालिका दोननिका डुगडुग तत्काल उम्र-करीब 10 वर्ष एवं वर्तमान उम्र-करीब 24 वर्ष, पिता-स्व0 बेंजामिन डुगडुग, सा0-लेटावेडा बरटोली, थाना-बोलबा, जिला-सिमडेगा राज्य-झारखण्ड, जो वर्ष-2010 में दिल्ली काम करने चली गयी है, जो अबतक वापस घर नहीं आयी। गुमशुदा बालिका की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है:-

लिंगः- स्त्रीलिंग
उम्रः- अभी करीब 24 वर्ष
शरीरः- सामान्य
रंग :- गेहूँआ
बालः- काला
ऊँचाईः- 5 फीट
भाषाः- सादरी एवं हिन्दी।




(10 वर्ष की उम्र का फोटो) (वर्ष-2010 में) **(वर्तमान का सम्भावित चेहरा)**

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालिका दोननिका डुगडुग के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

**सही सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख (100000/) रू ईनाम की राशि दी जायेगी।**

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा- मोबाइल नं0-9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा- मोबाइल नं0-9431706227
थाना प्रभारी, ए0एच0टी0यू0- मोबाइल नं0-9608015598
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा- मोबाइल नं0-9262998531
मानव तस्करी सबंधी टोल फ्री नं0- मोबाइल नं0-1800-3456-258

PR 340398 Simdega (24-25)_D

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(कृषि प्रभाग)**

पत्रांक-10/लेखा विविध-13/2016-2580 रांची, दिनांक-26.11.24

01 (एक) अदद Samsung Glaxy S10+ 5G Tablet का क्रय किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

| क्रमांक | सामग्री का नाम | विवरणी | राशि रू0 में |
|---|---|---|---|
| 1 | Samsung Glaxy S10+ 5G Tablet | Wifi, Storage- 12/256 | 1,00,000.00 (Without GST) |

इच्छुक आपूर्तिकर्ता सूचना प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अंदर विभाग के अवर सचिव के नाम से तीन कोटेशन उपलब्ध कराया जा सकता है।

ह0/-
सरकार के अवर सचिव

PR 340453 Agriculture(24-25).D


## इफको के एमडी को मिला रोशडेल पायनियर्स अवार्ड

रांची। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के प्रबंध निदेशक डॉ.उदय शंकर अवस्थी को प्रतिष्ठित रोशडेल पायनियर्स अवार्ड 2024 प्रदान किया गया। विदित हो कि डॉ. वर्गीस कुरियन के बाद यह पुरस्कार पाने वाले डॉ. अवस्थी दूसरे भारतीय हैं। डॉ. कुरियन को वर्ष 2001 में यह पुरस्कार दिया गया था। रोशडेल पायनियर्स अवार्ड इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस (आईसीए) द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है।

केमिकल इंजीनियर डॉ. अवस्थी 1976 में इफको में नियुक्त हुए। उनके नेतृत्व में इस सहकारी संस्था ने अपनी उत्पादन क्षमता में 292 प्रतिशत और शुद्ध संपत्ति में 688 प्रतिशत की वृद्धि की। उनके नेतृत्व में इफको ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में कदम रखा है।

आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने भारत में पहली बार आयोजित हो रहे आईसीए के वैश्विक सहकारी सम्मेलन में एक विशेष समारोह के दौरान नई दिल्ली में 25 नवंबर को डॉ.अवस्थी को यह पुरस्कार प्रदान किया।

पुरस्कार ग्रहण करने के बाद इफको के एमडी डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा, ्रमैं इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ्रसहकार से समृद्धि्र के दृष्टिकोण का प्रतीक है। साथ ही यह गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इफको के असाधारण प्रयासों को उजागर करता है। डॉ.अवस्थी ने कहा कि इफको ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया (तरल) जैसे नैनो उर्वरकों के माध्यम से टिकाऊ कृषि का समर्थन किया, कृषि पद्धतियों में बदलाव किया और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों की मांग को पूरा किया है।

इफको का कुल उर्वरक उत्पादन 88.95 लाख टन तक पहुंच गया, जिसमें 48.85 लाख टन यूरिया और 40.10 लाख टन एनपीके, डीएपी, डब्ल्यूएसएफ और विशेष उर्वरक शामिल हैं।


**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़**

**घोषणा-पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत सभी 32 वार्डो को ODF+ रामगढ़ नगर परिषद को घोषित किया जाता है।

उक्त के आलोक में यदि किन्ही को किसी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया हो तो कार्यालय नगर परिषद, रामगढ़ में दिनांक-07.12.2024 तक जमा कर सकते हैं। उक्त अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय द्वारा स्वीकार किया जाना संभव नहीं हो सकेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, रामगढ़

PR 340333 District(24-25).D


## आई एजुकेशनलाइज , एचजेएमटी और एसबीजी के तत्वाधान में हुआ प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव आयोजित



रांचीः आई एजुकेशनलाइज संस्था ने पटना के होटल रेड वेलवेट,में आयोजित करवाया 2024 का प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव, उनके सपोर्टिंग पार्टनर थे एचजेएमटी और एसबीजे। आई एजुकेशनलाइज संस्था पूरे देश भर में हायर एजुकेशन के प्रति बच्चों और विद्यालय में जागरूकता फैलती है। इस संस्था की संस्थापक शिखा जी का सपना है कि बिहार और झारखण्ड के बच्चे ज्यादा से ज्यादा हॉयर एजुकेशन में अपना और अपने राज्य का नाम रौशन करे।

इसी कड़ी में पटना में 55 प्रिंसिपल्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित गणमान्य व्यक्तियों एवं मुख्य अतिथि डॉ बी प्रियाम के द्वारा किया गया। एचजेएमटी के चेयरमैन डॉ मधुकर झा सर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम को एचजेएमटी हमेशा प्रोत्साहित करते हैं और एचजेएमटी की ओर से 10 हजार रुपए और मोमेंटो दे कर पटना के वरिष्ठ प्रिंसिपल डॉ सिन्हा को सम्मानित किए। एसबीजी के चेयरमैन डॉ हिमांशु पांडेय ने स्किल एजुकेशन पर जोर दिए। इस कार्यक्रम में पूरे देश से 15 यूनिवर्सिटी ने शिरकत किया जिसमे प्रमुख थे पिंपरी चिंचवड़ विश्वविद्यालय, सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, कलिंगा यूनिवर्सिटी ईटीसी। कार्यक्रम में डॉ राधिका मैम, मिताली मुखर्जी, रमा चक्रवर्ती, अजय सिंह, अनामिका मैम, इत्यादि रहे। कार्यक्रम की उद्घोषणा शिखा जी कर रही थी।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

गुमशुदा पुरूष एडवेंट मंजि, पता- बसारटोली, थाना- टी0टांगर जिला-सिमडेगा, राज्य-झारखण्ड, जो की दिनांक- 24.09.2024 को घर से कहीं चला गया है। गुमशुदा पुरूष की बरामदगी अभी तक नहीं हो पाया है, जिनका विवरणी निम्नवत् है :-

लिंग-पुरुष।
रंग-सांवला।
बाल-काला।
ऊँचाई-5 फीट, 7 इंच
भाषा-सादरी, हिन्दी
आवेदक का मो0- 7488002377



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा पुरूष एडवेंट मिंज के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नम्बर पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा मोबाइल नं0-9431116444
थाना प्रभारी, टी0टांगर मोबाइल नं0-9431706232
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा मोबाइल नं0-8709697066

पुलिस अधीक्षक
सिमडेगा।

PR 340400 (Simdega) 24-25 (D)



e-Procurement Cell
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**
**JHARKHAND, RANCHI**

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**Tender Reference No.40/2024-25**

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Cr) | Earnest Money (Lac) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनेम कुजूर के घर महतो टोली तक 5250 फीट पी0सी0सी0 पथ के साथ तीन आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण | 108.189 | 216.40 | 10000.00 | 9 Month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 27.11.2024 at 11:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 15.10.2024 at 1:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 04.12.2024 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 05.12.2024 at 2:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e - Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi

PR 340422 NREP (24-25)_D

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## असहमति के बीच कॉप-29 का समापन

**अजरबैजान** की राजधानी बाकू में हो रही 29वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-29) का जिस तीखी असहमति और कड़वे बयानों के साथ समापन हुआ, उसे किसी भी रूप में पॉजिटिव नहीं कहा जा सकता। क्लाइमेट चेंज जैसे अहम मसले पर विकासशील और विकसित देशों के बीच अविश्वास और संदेह का माहौल बनना भविष्य में सभी देशों की साझा पहल की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। विकासशील देशों में इस तरह से छले जाने का भाव पैदा होने के पीछे सबसे बड़ी वजह रही विकसित देशों की कंजूसी। कहां तो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने वाले कदमों का खर्च उठाने में विकासशील देशों की मदद करने के लिए सालाना 1.3 ट्रिलियन डॉलर तक का योगदान जुटाने की बात थी और कहां विकसित देश सालाना 300 बिलियन डॉलर पर आकर ठहर गए।

जिस तरह से इस मामूली और नाकाफी टारगेट को तय किया गया - न तो इस पर ढंग से चर्चा होने दी गई और न ही संबंधित राष्ट्रों को विरोध दर्ज करने का मौका दिया गया - उससे भी विकासशील देशों में नाराजगी पैदा हुई। एक और बात यह रही कि यह रकम भी विकासशील देशों को पूरी तरह ग्रांट के रूप में नहीं मुहैया कराई जाएगी। इसे विभिन्न सरकारों के साथ ही प्राइवेट स्त्रोतों से भी जुटाने की बात है जिसमें मल्टिलैटरल डिवेलपमेंट बैंक भी शामिल हैं। जाहिर है, कर्ज और उससे जुड़ी शर्तें भी विकासशील देशों के हिस्से आने वाली हैं। सम्मेलन के आखिर में बने इस माहौल से अलग हटकर देखा जाए तो दिलचस्प है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का कार्यकाल अभी शुरू नहीं हुआ है, न ही वह इस सम्मेलन में मौजूद रहे, इसके बावजूद सम्मेलन पर उनका साया महसूस होता रहा। यह बात सबके ध्यान में थी कि आगामी 20 जनवरी से शुरू हो रहे उनके कार्यकाल के दौरान क्लाइमेट चेंज के मसले पर अमेरिका से किसी तरह के पॉजिटिव रुख की उम्मीद नहीं की जा सकती। ऐसे में कई विकसित देशों के प्रतिनिधियों की दिलचस्पी यह सुनिश्चित करने में थी कि फंड कम हो या ज्यादा, पर क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की वैश्विक सहमति हासिल की जा चुकी है, उसे आने वाले वर्षों में कोई नुकसान न पहंचाया जा सके। भारत ने अपनी अब तक की भूमिका के अनुरूप ही विकसित देशों के नकारात्मक रुख का तीव्र विरोध करने में विकासशील देशों की अगुआई की और ग्लोबल साउथ के देशों की प्राथमिकताओं का ख्याल न रखने वाले इस फैसले को गलत बताया। बहरहाल, असंतोष और नाराजगी के बावजूद यह ध्यान रखना जरूरी है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ने के वैश्विक संकल्प को कमजोर न पड़ने दिया जाए।

## नतीजों का संदेश

दो राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक बार फिर राजनीति के जानकारों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद शायद बीजेपी समेत महायुति के समर्थकों को भी नहीं होगी। वहीं, झारखंड में पार्टी को सत्ता में वापसी की आस थी, लेकिन वह अधूरी ही रह गई। खैर, इन नतीजों का असर देश की सियासत पर पड़ना तय है। सीटों की संख्या के लिहाज से यूपी के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी। वहीं, अगर कोई असंतोष रहा भी हो, तो सरकार ने उसे सही समय पर दूर कर लिया। दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का ऐलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया। महाविकास आघाड़ी के उठाए मुद्दे बेअसर रहे। इसी तरह, झारखंड में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के जरिये महिला वोटर्स को साधा। इन चुनावों में पार्टियों द्वारा की जा रही मुफ्त योजनाओं की घोषणा खूब चर्चा में रही। इसकी आलोचना भी हुई। लेकिन, परिणामों से जाहिर है कि इसका असर हुआ है। शिंदे और सोरेन सरकार, दोनों ने बुजुर्गों, युवाओं, किसानों के लिए कई वादे किए। जनता के बीच यह बात भी फैली कि अगर सरकार बदलती है तो योजनाएं बंद हो जाएंगी। यह चुनाव 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' जैसे नारों के लिए याद रखा जाएगा। बीजेपी ने हिंदुत्व की आक्रामक राह पकड़ी और हिंदू समाज को एकजुट कर लिया। लेकिन, यही बात मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस नहीं कह सकती। हालांकि, झारखंड में बीजेपी का यह कार्ड नहीं चला। वहां पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था, जो कारगर नहीं रहा। आदिवासी समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ दिया। इसके पीछे हेमंत के साथ सहानुभूति फैक्टर रहा। लोकसभा चुनावों का अच्छा प्रदर्शन अब बहुत पुरानी बात लग रही है। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में मिली बड़ी हार ने इंडी के भीतर कांग्रेस की स्थिति कमजोर कर दी है। झारखंड में अलायंस को भले जीत मिली, लेकिन उसमें कांग्रेस का बहुत बड़ा रोल नहीं कहा जा सकता। इसका असर आने वाले चुनावों पर पड़ेगा, जहां कांग्रेस को सीटों के लिए सहयोगियों के साथ ज्यादा कड़ी सौदेबाजी करनी पड़ सकती है। पार्टी और केंद्र सरकार, दोनों के पास यह कहने का मौका है कि जनता ने उनके 'एक राष्ट्र एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' जैसे अजेंडे को स्वीकार किया है। हालांकि, महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर महायुति में खींचतान हो सकती है। बीजेपी ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य में सबसे अधिक सीटें हासिल की हैं तो चुनाव एकनाथ शिंदे सरकार की अगुआई में लड़ा गया। देखना होगा कि इस मामले में महायुति में क्या फॉम्युर्ला निकलता है।

# उच्च शिक्षा की परम्परा और प्रयोग

यह शिक्षा को देश की ज्ञान-परम्परा से काट कर और उसे अप्रासंगिक बना कर लागू की गई। अपरिचित विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था ने शिक्षा तक पहुँच को न केवल सीमित कर दिया बल्कि अंग्रेजी तहजीब और तौर तरीकों को मानक के रूप में स्थापित किया। संस्कृति और ज्ञान का नया आदर्श अनिवार्य रूप से श्रेष्ठ बना कर प्रचारित किया गया। उस अंग्रेजी परस्त भारत से परे वाला शेष भारत बड़ी आसानी से हाशिए पर पहुंचा दिया गया।

गिरीश्वर मिश्रभारत में उच्च शिक्षा का बड़ा समृद्ध प्राचीन इतिहास है जहां नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी और तक्षशिला आदि कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की शृंखला थी, जहां अनेक विषयों का अध्यापन और अनुसंधान किया जाता था। ये सभी संस्थान समाज द्वारा पोषित किंतु व्यवस्था की दृष्टि से स्वायत्त थे। यहां के प्राध्यापक अपने विषयों के प्रामाणिक विद्वान थे और उनकी उपलब्ध कृतियां उनकी प्रतिभा और बुद्धि का कायल बनाती हैं। वैदिक ज्ञान परम्परा से जो धारा प्रवाहित हुई वह काल क्रम में ज्ञान की साधना को दिशा देती रही। इसका प्रमाण ज्ञान का प्रतिमान स्वरूप अष्टाध्यायी, योगसूत्र, नाट्यशास्त्र, चरक संहिता, अर्थशास्त्र, कामसूत्र और सूर्य सिद्धांत आदि अनेकानेक ग्रंथों में उपलब्ध होता है। दर्शन, धर्मशास्त्र, गणित, धातु-विद्या, साहित्य और कला आदि के क्षेत्रों में प्रचुर सामग्री आज भी उपलब्ध है। यह निश्चित है कि अध्ययन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक था और वह कोरा सैद्धांतिक न होकर जीवन से जुड़ा होता था। वह शिक्षा विद्यार्थी को व्यवसायों के लिए तैयार करती थी। ज्ञान की यह परम्परा विकसित होती रही, उन पर चर्चा, खंडनझमंडन और टीका-टिप्पणी का भी अवसर बना रहा। यदि ज्ञान की शास्त्रीयता बहुलतामूलक थी तो बहुज्ञता शास्त्र जानने वाली की प्रवीणता या दक्षता की कसौटी थी। भर्तृहरि के शब्दों में ह्यसिर्फ अपनी ही ज्ञान-परम्परा का ज्ञान अपर्याप्त होता हैह्व। विचारों और सिद्धांतों में पर्याप्त विविधता थी और ज्ञान की प्रामाणिकता उसके प्रयोग से जांची-परखी जाती रही। कुशलता और दक्षता को बढ़ावा दिया जाना प्रमुख सरोकार था। ज्ञान-विज्ञान के अर्जन को अवलोकन तथा तर्क की सहायता से आगे बढ़ाने का प्रयास ज्ञान की यात्रा की मुख्य विशेषता के रूप में उभरती है। सिद्धांतों को यथार्थ की ओर उन्मुख एक आलोचक दृष्टि द्वारा सतत प्रमाणित किया जाता रहा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य जीवन के क्लेशों से पार पाना था। विद्यार्जन का कार्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने वाले उपाय के रूप में स्थापित हुआ। मनुष्य का सर्वतोमुखी विकास इस शिक्षा का उद्देश्य था। शिक्षा मूल्य-सृजनका माध्यम थी। भारतीय परंपरा में शिक्षा को सामाजिक जीवन से जोड़े रखने को प्राथमिकता दी गई थी। शिक्षा और दीक्षा के द्वारा शास्त्र तथा लोक दोनों को पुष्ट किया जाता रहा और दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते रहे । शिक्षा की चर्या कैसे हो इस पर भी वैदिक काल से ही चिंतन-मनन होता रहा। ज्ञान को आत्मसात करना और दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना ही आचार्य और उपाध्याय का मुख्य कार्य होता था। अध्यापक का प्रवचन यदि 'संधान' था तो गुरु (पूर्वपक्ष) तथा शिष्य (उत्तरपक्ष) के बीच विद्याविषयक सम्बन्ध को 'संधि' कहा गया। ज्ञान की सामाजिक भूमिका थी तो ज्ञानसृजन भी समाज की आशा-आकांक्षा के प्रति संवेदनशील था। अपने व्यापक अर्थ में दोनों का संचालन 'धर्म' की परिधि में करने पर जोर दिया गया। इसे जीवन-विस्तार और समाज में स्थापित किया जाता रहा । विभिन्न शास्त्रों, विद्याओं और कला-कौशलों का विस्तार आज भी विभिन्न ग्रंथों या टेक्स्ट में उपलब्ध है जो यह बताने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करता है कि भौतिक जगत, सामाजिक व्यवहार और आध्यात्मिक अनुभव सभी दृष्टियों से ज्ञान के उद्घाटन का प्रयास मुख्य है । इन सबके केंद्र में मनुष्य समेत समस्त प्राणिजगत के साथ प्रकृति की रक्षा और संवर्धन का प्रयास है । इस सोच में शिक्षा मानव पूंजी में स्थायी निवेश है जिसका उद्देश्य दायित्वपूर्ण मनुष्य निर्मित करना है।यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि आधुनिक भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान रूप अंग्रेजी औपनिवेशिक काल की देन है जिसे योजनाबद्ध रूप में युक्तिपूर्वक प्रस्तुत और स्थापित किया गया । यह शिक्षा को देश की ज्ञान-परम्परा से काट कर और उसे अप्रासंगिक बना कर लागू की गई। अपरिचित विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था ने शिक्षा तक पहुँच को न केवल सीमित कर दिया बल्कि अंग्रेजी तहजीब और तौर तरीकों को मानक के रूप में स्थापित किया। संस्कृति और ज्ञान का नया आदर्श अनिवार्य रूप से श्रेष्ठ बना कर प्रचारित किया गया। उस अंग्रेजी परस्त भारत से परे वाला शेष भारत बड़ी आसानी से हाशिए पर पहुंचा दिया गया। अपने सामान्य रूप में यह शिक्षा ज्ञान के निर्माण और प्रसार की जगह सरकारी काम-काज के लिए जरूरी मुलाजिमों को तैयार करने लायक पढ़ाई पर ही केंद्रित रही। इस तरह वह एक तरह की बाबूगिरी को तरजीह देने वाली ज्ञानप्रणाली थी और उसका विस्तार उसी रूप में किया जाता रहा । इस शिक्षा में विद्यार्थी का एकांगी विकास हो रहा था। उसकी विषयवस्तु बाहर से उधार ली गई थी और शिक्षा के नाम पर उसी के अनुकरण तथा पुनरुत्पादन का काम जोर-शोर से शुरू हुआ जो बाद में भी चलता रहा। पश्चिम को ही मानक माना गया और उसकी मान्यता पाने पर जोर दिया जाता रहा। ऐसे में नवोन्मेष, सृजनात्मक पहल, मौलिकता और विचार-स्वातंत्र्य जैसे मानदंडों में देश पिछड़ता गया। शिक्षा की प्रक्रिया विशेषतया अध्यापन और परीक्षा के ढाँचा का प्रावधान इसी के अनुरूप किया गया।ज्ञान-सृजन और प्रसार की दृष्टि से अंग्रेजों द्वारा आरम्भ की गई और उनके वर्चस्व के प्रभाव में स्वतंत्र भारत में भी कायम रही । यह उच्च शिक्षा ज्ञान के क्षेत्र में भारत को सदा के लिए दोयम बनाये रखने का पक्का नुस्खा बन गया। यह मॉडल ज्ञान की प्रक्रिया का भारतीय आदर्श बन गया और अभी तक जारी है। लगातार अभ्यास के कारण दूसरे विकल्पों के प्रति हम उदासीन और तटस्थ होते गए। ज्ञान, कौशल और तकनीक के क्षेत्रों में परजीवी हो जाना स्वावलम्बन और विकास के लक्ष्य के विरुद्ध जाता है। उद्यमिता और सामाजिक प्रासंगिकता की दृष्टि से भी यह मॉडल अधिक उपयोगी नहीं रहा। हम स्थानीय प्रश्नों को भी दरकिनार रखे और वैश्विक संदर्भ के प्रति भी आवश्यकतानुसार संवेदनशील नहीं हो सके। आज जब उदारीकरण, वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण का दौर आ चुका है तथा 'डिजिटल' और 'स्मार्ट' विश्वविद्यालयों की बात हो रही है हमारे देश के अनेक विश्वविद्यालय सोचझविचार और प्रणाली की दृष्टि से स्तब्ध और किंकर्तव्यविमूढ़ बने हुए हैं। भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा इस अर्थ में शिक्षा की दृष्टि से निरपेक्ष रहता है कि वह जो है उसके साथ अपना समायोजन बैठाने लगता है और शिक्षा यथास्थितिवाद का शिकार हो जाती है। सैद्धांतिक रूप से विश्वविद्यालय स्वायत्त संस्था होते हैं इसलिए सब अपने ढंग से कार्य करते हैं जिससे अच्छे बुरे हर तरह की पहल की छूट होती है। राज्य सरकार की अपनी मनमानी चलती है। वे अपने विवेक से काम करती है। उदाहरण के लिए कई प्रदेशों की सरकारें पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए एक पाठ्यक्रम लागू करती हैं जिससे सर्जनात्मकता और विविधता को धक्का लगता है। आज उच्च शिक्षा की दृष्टि से देश संक्रमण की स्थिति में है। जिसके पास संसाधन हैं वह अपने बच्चों को जल्दी से जल्दी विदेश पढ़ने को भेजने की जुगत में है। देशी सरकारी संस्थान व्यवस्थागत कठिनाइयों से ग्रस्त हो रहे हैं। उनकी संख्या कम है और जो हैं वे संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर भारत में गैरसरकारी क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेहद महंगे निजी शिक्षा संस्थान तेजी से खड़े हो रहे हैं जो कई गुना फीस ले रहे हैं। वे शिक्षा की एक भिन्न संस्कृति विकसित कर रहे हैं। ज्यादातर सरकारी संस्थान संसाधनों के अभाव और व्यवस्था की खामियों से जूझ रहे हैं। कुलपतियों और अध्यापकों की नियुक्ति न होने से कई विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माहौल बिगड़ रहा है। साथ ही विभिन्न कारणों से कई विश्वविद्यालयों में कुलपतियों को हटाना पड़ा और शैक्षिक परिवेश खराब हुआ। बढ़ते सरकारी हस्तक्षेप के कारण भी अनेक संस्थाओं का स्वाभाविक विकास नहीं हो पा रहा है। शोध की गुणवत्ता में ह्रास और शोध प्रकाशनों में धांधली घातक हो रही है।शिक्षा संस्थानों के विकास के लिए स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है।

**(लेखक,महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# सोशल मीडिया पर अफसरी कितनी जायज ?

1968 के नियमों में 'सेवा के सदस्य के लिए अनुचित' जैसे शब्दों को किसी भी तरह की मनमानी कार्रवाई को हटाने के लिए निष्पक्ष रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि रैंक या स्थिति की परवाह किए बिना अनुशासनात्मक कार्रवाई समान रूप से लागू की जाती है। अधिकारियों के गोपनीयता अधिकारों की रक्षा के लिए व्यक्तिगत सोशल मीडिया खातों की निगरानी पर सीमाएं निर्धारित करें।

**पी सौरभ**

सिविल सर्विसेज में सोशल मीडिया आचरण की उभरती चुनौतियां सचमुच परेशान करने वाली हैं। सोशल मीडिया सार्वजनिक दृश्यता को बढ़ाता है, जिससे अधिकारी द्वारा दिया गया हर बयान सार्वजनिक मूल्यांकन के अधीन हो जाता है, जिससे प्रशासन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का जोखिम होता है। उदाहरण के लिए सोशल मीडिया पर केरल सरकार के कृषि विभाग के विशेष सचिव की हालिया टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिससे सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा विवेकपूर्ण ऑनलाइन आचरण की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित हुआ। 'सेवा के सदस्य के लिए अनुचित' शब्द की व्याख्या की जा सकती है, जिससे उचित सोशल मीडिया व्यवहार के बारे में अस्पष्टता पैदा होती है। उद्योग निदेशक, 2024 (केरल) द्वारा एक व्हाट्स ऐप समूह का निर्माण विभाजनकारी माना गया, जिसमें दिशा-निर्देश निजी डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में असमर्थ थे। व्यापक अनुशासनात्मक प्रावधानों को चुनिंदा रूप से लागू किया जा सकता है, जिससे पक्षपात और लक्ष्यीकरण की धारणाएं बनती हैं। आचरण नियमों के असमान प्रवर्तन के परिणामस्वरूप अक्सर कनिष्ठ अधिकारियों को कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नरमी बरती जा सकती है।

सोशल मीडिया पर संवेदनशील सरकारी डेटा या आंतरिक चर्चाएं साझा करना, यहां तक कि अनजाने में भी, गोपनीयता भंग कर सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया गतिविधि के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुली बातचीत और नवाचार में बाधा आ सकती है। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के सकारात्मक पहलू। संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी अपने अधिकारों का सम्मान करते हुए जवाबदेह हों, व्यावसायिकता को बढ़ावा दें। पारदर्शी नियम जनता के विश्वास को मजबूत करते हैं, क्योंकि नागरिक अधिकारियों को नैतिक और उचित दोनों मानकों का पालन करते हुए देखते हैं। यह निष्पक्ष प्रशासन के बारे में जनता की धारणा को मजबूत करता है। स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ, सिविल सेवक शासन के मामलों पर जनता से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

आईएएस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक आउटरीच अभियान सेवा वितरण और नागरिक भागीदारी में सुधार कर सकते हैं। परिभाषित नियम अस्पष्टता को कम करते हैं, डिजिटल क्षेत्र में अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट नैतिक ढांचा प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक उदाहरणात्मक आचार संहिता अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकती है, जिससे गलत व्याख्या का जोखिम कम हो जाता है। निष्पक्ष नियम अधिकारियों को मनमानी कार्रवाई से बचाते हैं, जिससे उन्हें अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ संतुलित करने की अनुमति मिलती है। सुरक्षा को निर्दिष्ट करने वाले दिशानिर्देश व्यक्तिगत शिकायतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा डाल सकते हैं, जिससे एक कठोर वातावरण बन सकता है जो खुलेपन को रोकता है। अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लाभकारी जानकारी साझा करने से बच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता कम हो सकती है। सोशल मीडिया पर पेशेवर और व्यक्तिगत आचरण के बीच अंतर करना मुश्किल है, जिससे अकसर भ्रम की स्थिति पैदा होती है। नियमों को राजनीतिक एजेंडे से प्रभावित होकर चुनिंदा तरीके से लागू किया जा सकता है, जिससे अधिकारी की स्वतंत्रता प्रभावित होती है। ऐसे मामले जहां अधिकारियों को चुनिंदा तरीके से अनुशासित किया जाता है, प्रवर्तन तंत्र की तटस्थता में विश्वास को कम करता है। सोशल मीडिया की निगरानी अधिकारियों के व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है, जिससे निगरानी के बारे में नैतिक सवाल उठते हैं। अनुशासन पर अत्यधिक जोर देने से मनोबल प्रभावित हो सकता है, जिससे अधिकारियों की जनता के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने की इच्छा सीमित हो सकती है। आईएएस अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया पर स्वीकार्य सामग्री और व्यवहार को रेखांकित करने वाले विशिष्ट नियम विकसित करें। नियम, 1968 में बदलाव किए जाने चाहिए, जिसमें सोशल मीडिया आचरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव है।

1968 के नियमों में 'सेवा के सदस्य के लिए अनुचित' जैसे शब्दों को किसी भी तरह की मनमानी कार्रवाई को हटाने के लिए निष्पक्ष रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि रैंक या स्थिति की परवाह किए बिना अनुशासनात्मक कार्रवाई समान रूप से लागू की जाती है। अधिकारियों के गोपनीयता अधिकारों की रक्षा के लिए व्यक्तिगत सोशल मीडिया खातों की निगरानी पर सीमाएं निर्धारित करें। व्यक्तिगत और आधिकारिक खातों के बीच स्पष्ट सीमांकन अनावश्यक गोपनीयता उल्लंघनों से बचने में मदद कर सकता है। अधिकारियों का मार्गदर्शन करने के लिए सोशल मीडिया के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित करें। सोशल मीडिया नैतिकता पर कार्यशालाओं से अधिकारियों को डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया जा सकता है। एक ऐसा प्लेटफार्म विकसित करें जहां अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के खिलाफ अपील कर सकें, जिससे निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित हो सके। मिशन कर्मयोगी के पारदर्शी और जवाबदेह सिविल सेवा के दृष्टिकोण जैसे क्षमता निर्माण पहलों के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारत को सिंगापुर के सार्वजनिक अधिकारियों के लिए आचार संहिता जैसी वैश्विक प्रथाओं से प्रेरित होकर सोशल मीडिया आचरण पर स्पष्ट दिशा-निर्देश अपनाने चाहिए। यह संतुलित दृष्टिकोण अनुशासन और व्यक्तिगत अधिकारों दोनों को मजबूत करेगा, डिजिटल युग के लिए एक लचीली सिविल सेवा का निर्माण करेगा और उन्हें भारत के स्टील फ्रेम के रूप में मजबूत करेगा।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आपकी धारणा आपकी वास्तविकता को प्रभावित करती है, लाभ नहीं मिल रहा है तो धारणा बदलिए

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जब भी हम कोई नया कार्य करते हैं, तो हमारे स्वयं के दिमाग में उसका सम्भावित परिणाम पहले से ही बनने लगता है। इसे समझने के लिए एक छोटा सा उदाहरण लेते हैं, मान लीजिए आप डाइनिंग टेबल पर डिनर कर रहे हैं, आपको खाने में नमक कम लगता है, लेकिन टेबल पर नमक नहीं मिलता है, आपकी पत्नी बताती है कि नमक किचेन में नीचे वाली अलमारी में रखा है, जाकर ले आओ। आप तुरन्त यह कहकर मना कर देते हैं, कि नमक आपको नहीं मिलेगा, आप नहीं जाऐंगे।

आपकी पत्नी एक बार फिर जोर देकर कहती है, लेकिन आप उठने के मूड में नहीं हैं, जिसके कारण आप बहाना बनाने लगते हैं कि आपको नमक नहीं मिलेगा। तीसरी बार आपकी पत्नी के कहने पर आप मन मारकर उठ तो जाते हैं लेकिन किचेन में अलमारी समेत कई जगह ढूंढ़ने के बावजूद आपको नमक मिलता ही नहीं है, जिसके कारण मजबूर होकर आपकी पत्नी को किचेन में आना पड़ता है और पहली बार में ही अलमारी में नमक मिल जाता है जो सामने ही रखा होता है। तब आपके उपर यह इल्जाम लगता है कि आपको जिस जगह इतना ढूंढ़ने पर भी नमक नहीं मिला, वहीं पर आपकी पत्नी ने एक ही बार में उसे कैसे ढूंढ़ लिया। निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि आप जो सोचते हैं, जिस प्रकार आपके मन की धारणा है, वह




आपके कार्य पर खास प्रभाव डालती है।

आपके अन्तर्मन की धारणा की वजह से ही आपका दिमाग उस कार्य से जुड़ा एक काल्पनिक वातावरण तैयार करता है, जो आपकी सफलता या असफलता का जिम्मेदार होता है। आपके मन में कार्य की सफलता के प्रति विश्वास होना बहुत जरूरी है। जैसे कि किचेन से नमक लाने के बारे में आपने यह धारणा पहले ही बना ली, कि नमक आपको नहीं मिलेगा, जिसके कारण आपके दिमाग ने इसी धारणा पर कार्य किया और किचेन में आपको नमक नहीं मिला।

## सेहत

### आधे घंटे कार्डियो करने के बराबर है रोजाना सीढ़ियां चढ़ना

आजकल समय की कमी होने की वजह से लोग अपने दिनचर्या में फिजिकल एक्टिविटीज के लिए समय नहीं निकल पा रहे हैं। हमें भी पता है कि फिजिकल एक्टिविटीज हमारे स्वास्थ्य के लिए कितनी जरूरी है। ऐसे में सीढ़ियां चढ़ना एक बहुत ही प्रभावी, आसान और कम समय में होने वाला शारीरिक व्यायाम हो सकता है। सीढ़ियां चढ़ने से हमारे समय की काफी बचत होती है। जिम जॉइन करने के लिए समय और पैसे दोनों की जरूरत होती है लेकिन बिना किसी खर्च केही सीढ़ियां चढ़ने से हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। नियमित रूप से इस व्यायाम को किया जाए तो हमारी नींद की क्वालिटी में सुधार होता है। यह वजन घटाने, दिल की सेहत बेहतर बनाने हड्डियों को मजबूत करने में मदद करती हैं। हर उम्र के लोग इसे अपने दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। इससे आप फिट रहेंगे और स्वास्थ्य में सुधार होगा। आईए जानते हैं सीढिया चढ़ना हमारे लिए क्यों है महत्वपूर्ण। सीढ़ियां चढ़ने से काफी कैलोरीज बर्न होती है। यह एक हाई इंटेंसिटी वर्कआउट है। सीढ़ियां चढ़ने से हमारा हार्ट रेट बढ़ता है, जिससे मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है और शरीर का वजन घटाना आसान हो जाता है। सीढ़ियां चढ़ने से 1 मिनट में 8 से 10 कैलोरीज बर्न होती हैं यानी यह एक साधारण काम व्यायाम करने से अधिक कैलोरीज बर्न करता है। सीढ़ियां चढ़ने से हमारी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और बॉडी शेप में सुधार होता है।

**डायबिटीज में मददगार** : सीढ़ियां चढ़ने से हमारा ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित होता है। यह टाइप 2 डायबिटीज के खतरे को कम करता है क्योंकि यह इंसुलिन की संसटिविटी को बढ़ाता है। रोजाना अगर 4 से 5 मिनट सीढ़ियां चढ़ने और उतरने का अभ्यास किया जाए तो यह हमें डायबिटीज में होने वाली समस्याओं से राहत देगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# हाइवा में आगजनी व गोलाबारी में शामिल 2 उग्रवादी अमेरिकन राइफल और कारतूस के साथ अरेस्ट

मेट्रो रेज

**लातेहार :** कॉल ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा में आगजनी और गोलीबारी करने वाले उग्रवादियों के खिलाफ लातेहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के दो उग्रवादी अजय कुमार और उपेन्द्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इनके पास से एक अमेरिकन मेड रायफल एक एसएलआर और एक देशी रायफल बरामद हुआ है. इसके अलावा भारी संख्या में कारतूस, पोस्टर समेत कई अन्य सामान बरामद हुआ है. लातेहार पुलिस ने मंगलवार की शाम जानकारी दी.

लातेहार पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 नवंबर की रात करीब एक बजे जिला के हेरहंज थाना क्षेत्रान्तर्गत लातेहार नवादा मुख्य सड़क के लात जंगल में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा तुबैद कोल माइंस से बालूमाथ कुसमाही साइडिंग के बीच चलने वाले पांच हाईवा को आग के हवाले कर दिया था. इसी दौरान एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि इस कांड में शामिल उग्रवादी बन्दुवा जंगल के इलाके में दोबारा आगजनी एवं फायरिंग करने की योजना बनाने के लिए एकत्रित हुए है. जिसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम के द्वारा अभियान चलाया गया. इसी दौरान हेरहंज थाना अन्तर्गत बन्दुवा जंगल में पुलिस बल को देखते ही उग्रवादियों के द्वारा पुलिस बल को निशाना बनाते हुए फायरिंग की गई. जिसके बाद पुलिस बल के द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई. पुलिस बल को भारी पड़ता देख उग्रवादी फायरिंग करते हुए जंगल का लाभ लेते हुए अपना हथियार एवं गोली को झाड़ियों में फेंकते हुए भागने लगे, जिसमें से पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर घटना में शामिल दो उग्रवादी को पकड़ा गया.



## जिला क्रिकेट अंडर 16 टूर्नामेंट में असगार्जियन ने 5 विकेट से जीता मैच



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को संत जेवियर स्कूल बी बनाम असगार्जियन्स के बीच मैच खेला गया। असगार्जियन ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। संत जेवियर स्कूल बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.2 ओवर में 113 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सूरज राज ने 25 व दिव्यांशु 16 रनों की पारी खेली। असगार्जियन के गेंदबाज ध्रुव राज ने 4, अभिज्ञान व अभिषेक ने 2-2 विकेट लिए। असगार्जियन ने 13.2 ओवर में 5 विकेट पर 114 रन बना कर 5 विकेट से मैच जीत लिया। अभिषेक ने 21, कुश ने 40 व प्रिंस ने 18 रनों की पारी खेली। संत जेवियर जे गेंदबाज सूरज राज ने 2 विकेट लिए।

असगार्जियन के खिलाड़ी ध्रुव राज को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ तुफैल अहमद ने ध्रुव सुधांशु रंजन ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, अमित तिवारी, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, मो जुनैद व आदित्य सहित अन्य मौजूद थे। टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 27 नवंबर को माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय के बीच मैच खेला जाएगा।

## झाड़ियों से युवक का शव बरामद हत्या की आशंका

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के डुंडगी गांव के पास सड़क के किनारे झाड़ियों एक युवक का शव बरामद किया गया है. उसकी पहचान जिला मुख?यालय के चटनाही ग्राम निवासी श्रीराम लोहरा के रूप में की गयी. युवक के सिर में चोट के गहरे निशान पाये गये हैं. इससे आशंका जतायी जा रही है कि उसकी हत?या की गयी है. मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक शव डुड़गी गांव में सड़क के पास पड़ा है.

इसके बाद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन?हा के निर्देश पर पुलिस बल मौके पर पहुंची और शव को सदर अस्पताल लायी. शव की शिनाख?त होने के बाद उसके परिजनों इसकी सूचना दी गयी. सूचना मिलने के बाद युवक की पत्नी व अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंचे. परिजनों ने बताया कि श्रीराम एक वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने गया था और घर लौट रहा था. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया.

## निरसा में रंगेहाथ पकड़ा गया बाइक चोर, ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

मेट्रो रेज

**निरसा:** धनबाद में निरसा थाना क्षेत्र के बेनागोड़िया गांव में एक बाइक चोर को रंगेहाथ पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया है. सूचना पर पहुंची निरसा थाना की पुलिस ने मौके से चोरी की दो बाइक भी जब्त की है. इस मामले की पुष्टि निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत मणिक बाखला ने की है.



### गिरिडीह से आया था बाइक चोरी करने

मैथन स्थित अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता कर मामले की पूरी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने एक बाइक चोर को पकड़ने में सफलता पाई है. आरोपी बाइक चोर अब्दुल्ला गिरिडीह खुर्द का रहने वाला है. एसडीपीओ ने बताया कि अब्दुल्ला के साथ बाइक चोरी करने की नीयत से उसका साथी साजिद भट्ट भी आया था लेकिन वह भागने में सफल रहा.

### एक अन्य आरोपी भागने में कामयाब

एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि आरोपी अब्दुल्ला घूम-घूमकर बाइक चोरी करने का काम करता था. वह गिरिडीह से अपने साथी के साथ बाइक चोरी करने की नीयत से ही धनबाद आया था. उन्होंने बताया कि पुलिस फरार आरोपी साजिद भट्ट की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है. साथ ही गिरफ्तार अब्दुल्ला को जेल भेज दिया गया है. उन्होंने ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीणों की सजगता से आरोपी पकड़ा गया है. एसडीपीओ ने कहा कि बाइक चोर गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है. मौके पर निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेंगे : अखिल कुमार

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार ने व्यवहार न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना को पढ़ाया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से करेंगे और संविधान कि प्रस्तावना कि मूल भावना का पालन करेगें। जबकि प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, अपर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, सीनीयर सिविल जज राजेश श्रीवास्तव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी



तुषार आनंद, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, लोक अभियोजक आनंद चौबे चीफ लीगल एड डिफेन्स कौसिल अरविन्द गोयल और उनकी टीम न्यायालय कर्मी, पारा लीगल वॉलिंटियर्स आदि थे।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि इस अवसर पर प्रत्येक प्रखंडों और विद्यालयों में पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा बच्चों एवं आम जनमानस को भी संविधान की प्रस्तावना को दोहराया गया` लीगल एड डिफेन्स कौंसिल सह न्याय रक्षक अमरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव और ज्योति कुमारी द्वारा पीएम श्री युपीजी सरकारी हाई स्कूल नगरपालिका, नया टोला , पुरानी साहेबगंज के विधार्थियों को भी संविधान कि प्रस्त्वाना को दोहराया एवं बताया गया तथा निबंध, चित्रांकन, स्लोगन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्विज प्रतियोगिता के विजेता ग्रुप ए के विजेता कोमल कुमारी, नेहा कुमारी, अनीता कुमारी, दीप प्रभा भारती को प्रथम पुरस्कार एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मेघा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रीता कुमारी तृतीय पुरस्कार रोजमेरी सोरेन और चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी कुमारी , द्वितीय पुरस्कार नन्दनी कुमारी तृतीय पुरस्कार सुधा कुमारी इसके साठी स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिया कुमारी, द्वितीय पुरस्कार मेघा कुमारी तृतीय पुरस्कार संजना कुमारी को प्रदान किया।

## विधायक के जीत पर झामुमो दल के कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे




मेट्रो रेज

**साहिबगंज/मंडरो :** बोरियो विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित झामुमो विधायक धनंजय सोरेन के जीत पर झामुमो दल के कार्यकताओं में खुशी की लहर है। बोरियो विधानसभा क्षेत्र से कई कार्यकर्ता विधायक धनंजय सोरेन के नीमगाछी स्थाई कार्यालय मंगलवार को मिलने पहुंचे। इस दौरान कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित विधायक को माला पहनाया एवं गुलदस्ता भेंट की,इसी दौरान मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी,इस संबंध में जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी एवं जिला प्रवक्ता अरूण सिंह, जिला वव्यसायी मोर्चा बब्लू मिश्रा, ने कहा कि धनंजय सोरेन जी बोरियो विधानसभा क्षेत्र के जुझारू,कर्मठ, सुयोग्य एवं सुशिक्षित नेता रहे हैं,इस विधानसभा के स्थानीय एवं पारखी युवा नेता हैं , बोरियो विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के कार्यकताओं ने लगन एवं कठिन परिश्रम किया है जिसे अभार व्यक्त किया गया एवं बोरियो विधानसभा की जनता ने सुझ बुझ के साथ अपना बहुमूल्य मत का उपयोग किया है उसे भी धन्यवाद एवं बधाई दी, वहीं विधायक धनंजय सोरेन ने जिला के बरिये नेताओं व बोरियो विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं को जीत का शेहरा बताया एवं कोटी कोटी धन्यवाद बधाई दी। मोके पर मंडरो बीस सुत्री अध्यक्ष सुबोध सोरेन,पुर्व सचिव जब्बार अंसारी, संजय टुडू,प्रोमद यादव, मुन्ना, हीरालाल यादव, राजेश राम,संटी मिश्रा,राजू, मनीष,अंसारी मिस्टर जी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हार-जीत राजनीति का हिस्सा है, जनता की सेवा करता रहूंगा : कमलेश

मेट्रो रेज

**पलामू :** हुसैनाबाद से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने हरिहरगंज स्थित आवासीय कार्यालय में चुनाव परिणाम के बाद पहली बार कार्यकताओं के साथ बैठक की. इस बैठक में कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए. पूर्व विधायक भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद की तमाम देवतुल्य जनता के आभारी हैं. क्योंकि इस बार जनता ने गत चुनाव में जीत से भी अधिक मत दिया है. उन्होंने कहा कि हार जीत राजनीति का एक हिस्सा है.





इस बार जरूर कुछ कमी हुई होगी.

कमलेश कुमार ने कहा कि हुसैनाबाद की जनता ने उन्हें दो बार अपना प्रतिनिधि चुन कर उन्हें जो मान सम्मान दिया है, उसे वह कभी भूल नहीं सकते हैं. उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भी जनता ने सम्मान दिया है, वोट कम या ज्यादा अलग बात है. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की जनता उनके परिवार की तरह है. वह उनके सुख दुःख में हमेशा साथ हैं और हमेशा उनके लिए खड़े मिलेंगे. जनता की सेवा में निरंतर लगे हैं और लगे रहेंगे. उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है. कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने चुनाव में राजकोष व पद का का दुरुपयोग किया है. वोटिंग से एक दिन पहले योजनाओं की राशि लाभुकों के खाते में भेज कर उन्हें बरगलाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, जनहित में उनसे हुसैनाबाद के विकास की अपेक्षा रखते हैं.

इस मौके पर युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि जनता का आदेश सर्वोपरि है, इसे स्वीकार करते हैं. आशा करते हैं कि नवनिर्वाचित विधायक हुसैनाबाद की जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेंगे. उन्होंने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए एकजुटता के साथ कार्य करने की बात कही है. बैठक में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे.

## न्यूज IN ब्रीफ

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने जिले से तीन खिलाड़ी रवाना

**साहिबगंज :** स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 26 से 30 नवम्बर को लखनऊ में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु लालजी यादव 5000 मीटर वॉक,परमा हांसदा 200 मीटर +2 उच्च विद्यालय, राजस्थान अली शॉटपुट थ्रो +2 सी. एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सकरीगली का चयन झारखंड टीम में किया गया है। राज्य टीम के साथ तीनों एथलीट विशेष कैंप एवम लखनऊ जाने के लिए रांची रवाना हुए ।ज्ञात हो परमा हांसदा एवम लालजी यादव खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय, झारखंड , रांची द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम,साहेबगंज में संचालित बालक आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु हैं। अली, डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, सकरीगली के प्रशिक्षु हैं इन्होंने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा 16 से 19 अक्टूबर तक रांची में संपन्न खेलो झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के लिए पदक जीता था।उपायुक्त हेमंत सती ,जिला खेल पदाधिकारी श्री पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दुर्गा नंद झा आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक योगेश यादव, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक अशोक साहनी, जीम ट्रेनर गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभ कामना दी ।

### संविधान दिवस हर्ष और उल्लास का दिवस है : लातेहार डीसी

**लातेहार :** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में संविधान की शपथ दिलाई गई. इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की मौजूदगी में संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने एवं समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लिया गया. उपायुक्त ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा के द्वारा संविधान के प्रारूप को अंगीकृत किया गया था. आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है. प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है. कहा कि संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाता है. प्रस्तावना संविधान की आत्मा है. यह देश के शासनव्यवस्था एवं देशवासियों के लिए मार्गदर्शिका है. प्रस्तावना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है. कहा कि हम सब को मिलकर आज संविधान दिवस के अवसर समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करने का संकल?प लेना चाहिए. कहा कि आज का दिन डॉ भीमराव अंबेडकर के इस अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों को स्मरण करने का अवसर है.

### आरपीएफ जवान को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया

**साहिबगंज:** ब्रह्मपुत्र मेल के जनरल बोगी में सुकांतो पाली इंग्लिश बाजार मालदा निवासी पूरानंदो रोय 54 वर्ष की मौत तबीयत खराब होने के कारण हो गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्को ने बताया कि दिल्ली से मालदा ब्रह्मपुत्र मेल के जनरल बोगी में बैठकर अपने घर की ओर जा रहा था अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। स्कॉट टीम ने इसकी जानकारी आरपीएफ इंस्पेक्टर को दी। सूचना के आलोक में आरपीएफ पुलिस बल पूरानंदो रोय कोई इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर आरपीएफ पुलिस आगे कि कार्यवाई करते हुए मृतक पूरानंदो के स्वजनों को सूचना दे दिया।वहीं आरपीएफ मामले की छानबीन कर रही है।

### संविधान दिवस पर पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने ली शपथ




**साहिबगंज :** संविधान दिवस पर रविवार को पुलिस लाइन मैदान में शपथ ग्रहण सभा हुई। पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान की रक्षा व देश की एकता व अखंडता अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। मौके पर एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी व दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे। इधर सभी थानों में भी एसआई व एएसआई सहित सभी पुलिस बल को संविधान की रक्षा के लिए शपथ दिलाई गई।

### नगर परिषद के सभी कर्मियों ने संविधान का लिया शपथ



**साहिबगंज :** संविधान दिवस के पावन अवसर पर नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह के निदेर्शानुसार नगर परिषद परिसर स्तिथ भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा समक्ष सिटी मैनेजर बिरेश कुमार यादव के नेतृत्व में नगर परिषद के सभी कर्मियों ने संविधान का शपथ लिया।जबकि सकरूगढ़ स्थित तालाब किनारे भी सभी कर्मियों ने संविधान का शपथ लिया।मौके पर शिव हरी,अनूप लाल हरी,मुन्ना सिन्हा,हेड क्लर्क सुभाष सिंह,अमीन कन्हाई रजक,प्रभु हरि,भोला पासवान सहित जेई सैकड़ों कर्मी मौजूद थे।



# नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं अभिनेत्री कृति सेनन

**एक्ट्रेस कृति सेनन** ने साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'हीरोपंती' से इंडस्ट्री में कदम रखा था। वह आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में अपनी जगह बना चुकी हैं। कृति ने 'बरेली की बर्फी', 'लुका-छुपी' और 'भेड़िया' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हाल ही में कृति ने पहली बार हिंदी सिनेमा में भाई-भतीजावाद (नेपोटिज्म) पर टिप्पणी की है। कृति सेनन ने हाल ही में '55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर अपनी राय व्यक्त की, जिस पर आजकल खूब चर्चा हो रही है। उनके अनुसार नेपोटिज्म के लिए केवल फिल्म इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। कृति ने कहा कि मीडिया और दर्शक ही स्टार किड्स को लेकर चर्चा करते हैं और इसमें एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। वह मानती हैं कि दर्शकों की दिलचस्पी स्टार किड्स के बारे में जानकारी प्राप्त करने में है और इस वजह से मीडिया इन मुद्दों को अधिक तूल देती है। इसके साथ ही कृति ने यह भी बताया कि अगर किसी के पास असल में प्रतिभा है, तो वह किसी भी परिस्थिति में सफलता हासिल कर सकता है। उनका मानना था कि अगर किसी व्यक्ति में वास्तविक कौशल है, तो वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बना ही लेगा। भले ही वह किसी फिल्मी परिवार से न हो। इस बयान से कृति ने यह संदेश देने की कोशिश की कि असली टैलेंट है तो पहचान में आ जाती है, चाहे उसकी शुरूआत किसी भी तरह से हो। एक्ट्रेस का कहना कि अगर आपका बैकग्राउंड फिल्म इंडस्ट्री में नहीं है तो आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। आप जो अवसर चाहते हैं, उसे पाने में बहुत समय लगता है। इसके अलावा किसी मैगजीन के कवर पर अपनी फोटो पाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। यहां हर चीज के लिए संघर्ष है, लेकिन अगर आप 1-2 फिल्मों के बाद भी कड़ी मेहनत करते रहेंगे तो आपको कोई नहीं रोक सकता।





# आर रहमान के साथ अफेयर की खबरों पर मोहिनी डे ने तोड़ी चुप्पी

गायक-संगीतकार एआर रहमान इस समय चर्चा में हैं। एआर रहमान अपनी पत्नी सायरा बानो से तलाक लेकर अलग हो गए। तलाक के कुछ ही घंटों के भीतर रहमान की सहकर्मी और गिटारवादक मोहिनी डे ने भी तलाक की घोषणा कर दी। इसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चा शुरू हो गई। आखिरकार मोहिनी ने इन सभी चचाओं पर चुप्पी तोड़ी है।गिटारवादक मोहिनी डे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, ₹एआर रहमान और मेरे खिलाफ आ रही सूचनाओं का कोई आधार नहीं है। यह गलत है। मैंने बचपन में एआर रहमान के साथ फिल्मों और म्यूजिक टूर के लिए काम किया था। मैं उनका आदर करती हूं। मुझे दुख होता है कि लोगों के मन में दूसरों के प्रति कोई सम्मान या सहानुभूति नहीं है।₹मोहिनी ने लिखा, ₹मेरे जीवन में कई रोल मॉडल रहे हैं। मेरे पिता भी हैं जिन्होंने मेरे करियर और पालन-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेरे पिता जिन्हें मैंने एक साल पहले खो दिया था। एआर रहमान मेरे लिए पिता समान हैं और उन्होंने मेरे करियर में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने शो में संगीत के माध्यम से चमकने की आजादी दी। ऐसी बातें न फैलाएं और हमारी निजी जिंदगी का सम्मान करें।

# आईएसएल में पहली घरेलू जीत तलाश रहे मोहम्मडन एससी का सामना बेंगलुरू एफसी से

एजेंसी

**कोलकाता।** मोहम्मडन एससी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में अपनी पहली घरेलू जीत तलाश रही है, जिसके लिए ब्लैक पैंथर्स बुधवार शाम अपने घरेलू मैदान किशोर भारती क्रीड़ांगन में बेंगलुरू एफसी भिड़ेंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग शीर्ष स्तर की इस लीग में पहली बार अभियान में उतरी है, लेकिन वो सात मैचों में एक जीत, दो ड्रा और चार हार से पांच अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। वहीं, ब्लूज ने इस सीजन में जोरदार वापसी की है। बेंगलुरू एफसी आठ मैचों में पांच जीत, दो ड्रा और एक हार से 17 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर शुरूआती चार मुकाबलों में एक ड्रा खेला और तीन हारे हैं। कोई भी टीम शुरूआती पांच घरेलू मैचों में जीत के बिना नहीं रही है, यह ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड होगा जिसे एंड्री चेर्निशोव और उनके ब्लैक पैंथर्स बुधवार को बचना चाहेंगे। मोहम्मडन ने मैचों के शुरूआती 15 मिनट में चार गोल खाए हैं, जो आईएसएल 2024-25 सीजन में सभी टीम में सबसे अधिक है। वहीं, बेंगलुरू एफसी ने इस अवधि में चार गोल किए हैं।



इस मैच में जीत से ऐसा दूसरी बार होगा जब ब्लूज आईएसएल सीजन के अपने शुरूआती नौ मैचों के बाद 20+ अंक हासिल करेंगे। ब्लूज ने आईएसएल में पहली बार किसी टीम का सामना करते हुए पिछले पांच मुकाबलों में दो ड्रा खेले और दो हारे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव ने ब्लूज और इस सीजन में उनकी खेल शैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'हम वर्तमान में सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलेंगे। वो बहुत मजबूत है और उसने सीजन की शानदार शुरूआत की है। उनकी फुटबॉल शैली उन्हें आईएसएल की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक बनाती है।' बेंगलुरू एफसी के स्पेनिश हेड जेरार्ड जारागोजा ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अपने तकनीकी और रणनीतिक खेल पर काम किया। उन्होंने कहा, 'हमें मैच खेलना पसंद हैं, लेकिन ब्रेक हमें तकनीकी और रणनीतिक रूप से काम करने में मदद करते हैं। अच्छी बात यह है कि इस सप्ताह हमारी पूरी टीम ट्रेनिंग कर रही थी।' यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच पहला मैच होगा।

# इंटर मियामी ने लियोनेल मेसी के पूर्व साथी जेवियर मास्चेरानो को नया कोच नियुक्त किया

एजेंसी

**फोर्ट लौडरडेल।** लियोनेल मेसी और जेवियर मास्चेरानो फिर से एक साथ हैं। इंटर मियामी ने मंगलवार को लियोनेल मेसी के पूर्व साथी जेवियर मास्चेरानो को क्लब



का नया कोच नियुक्त किया है। मास्चेरानो गेरार्डो 'टाटा' मार्टिनो की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ दिया था। हाल ही में मास्चेरानो अर्जेंटीना की अंडर-20 टीम और ओलंपिक कोच थे। उन्होंने तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं और वह अपने काम के कागजी काम पूरे होने के बाद पदभार संभालेंगे। इंटर मियामी के प्रबंध मालिक जॉर्ज मास ने कहा, 'इस नौकरी के लिए ऐसे अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है जो हमारी प्रतिभा के अनूठे संग्रह को अधिकतम करने में सक्षम हो - हमारे वैश्विक सुपरस्टार से लेकर हमारे उभरते हुए घरेलू खिलाड़ियों, हमारे युवा अंतरराष्ट्रीय संभावनाओं और बीच की हर चीज तक।' यह सिर्फ.मेसी ही नहीं है जिसके साथ मास्चेरानो फिर से जुड़ रहे हैं। जब मास्चेरानो बार्सिलोना के साथ थे, तब उन्होंने इंटर मियामी के मौजूदा स्टार जोर्डी अल्बा, सर्जियो बुस्केट्स और लुइस सुआरेज के साथ भी खेला था - इन सभी के 2025 सीजन में वापस आने की उम्मीद है।

# पूनम पांडे ने बोल्ड फोटोशूट से बढ़ाई सोशल मीडिया की गर्मी



मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. पूनम ने इन तस्वीरों में अपने ग्लैमरस लुक से फैंस को दीवाना बना दिया है. तस्वीरों में पूनम पांडे ने मस्टर्ड शेड का फिटेड बॉडीसूट पहना हुआ है, जिसमें उनका स्टाइलिश अंदाज नजर आ रहा है. इस आउटफिट की बैकलेस डिजाइन और साइड्स पर की गई डिटेलिंग इसे और भी आकर्षक बना रही है. उन्होंने न्यूड मेकअप के साथ अपने लुक को क्लासी टच दिया है. पूनम ने अपने बालों को खुले रखकर सॉफ्ट वेव्स का स्टाइल अपनाया है, जो उनके लुक को कंप्लीट करता है. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए पूनम ने कैप्शन में लिखा, "Is it motivating enough on a Monday?" उनके इस बोल्ड अंदाज को देखकर फैंस लगातार कमेंट्स और लाइक्स कर रहे हैं. पूनम पांडे अपने बोल्ड और स्टाइलिश अंदाज के लिए जानी जाती हैं, और यह फोटोशूट एक बार फिर उनके ग्लैमरस व्यक्तित्व को बयां कर रहा है. सोशल मीडिया पर पूनम पांडे की यह तस्वीरें काफी सुर्खियां बटोर रही हैं और उनके फॉलोअर्स इसे खूब पसंद कर रहे हैं.

# नाडा ने डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए बजरंग पुनिया को चार साल के लिए किया निलंबित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने मंगलवार को बजरंग पुनिया को राष्ट्रीय टीम के लिए चयन ट्रायल के दौरान 10 मार्च को डोप परीक्षण के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर चार साल के लिए निलंबित कर दिया है। नाडा ने टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता पहलवान को इस अपराध के लिए सबसे पहले 23 अप्रैल को निलंबित किया था, जिसके बाद विश्व शासी निकाय यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने अनंतिम निलंबन के खिलाफ अपील की थी, और नाडा के अनुशासन-विरोधी डोपिंग पैनल (एडीडीपी) ने 31 मई को इसे रद्द कर दिया था, जब तक कि नाडा ने आरोप का नोटिस जारी नहीं कर दिया। इसके बाद नाडा ने 23 जून को पहलवान को नोटिस दिया।

साथी पहलवान विनेश फोगट के साथ कांग्रेस में शामिल हुए बजरंग को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रभार दिया गया था। उन्होंने 11 जुलाई को लिखित रूप से आरोप को चुनौती दी थी, जिसके बाद 20 सितंबर और 4 अक्टूबर को सुनवाई हुई थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा, पैनल का मानना है कि एथलीट 'अनुच्छेद 10.3.1 के



तहत प्रतिबंधों के लिए उत्तरदायी है और 4 साल की अवधि के लिए अयोग्य है। वर्तमान मामले में, चूंकि एथलीट को अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया था, इसलिए पैनल तदनुसार मानता है कि एथलीट की चार साल की अवधि के लिए अयोग्यता की अवधि उस तारीख से शुरू होगी, जिस दिन अधिसूचना भेजी गई थी, यानी 23.04.2024'

आदेश में कहा गया, 'यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि 31.05.2024 से 21.06.2024 तक की अवधि के लिए अनंतिम निलंबन को हटाने के कारण चार साल की अयोग्यता की कुल अवधि में कोई राशि नहीं जोड़ी जाएगी।' निलंबन का मतलब है कि बजरंग प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं कर पाएंगे और अगर वह चाहें तो विदेश में कोचिंग की नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। नाडा ने अपनी कार्रवाई का कारण भी बताया, उन्होंने कहा कि चैपरोन/डीसीओ ने उनसे विधिवत संपर्क किया था और उन्हें सूचित किया था कि उन्हें डोप विश्लेषण उद्देश्यों के लिए मूत्र का नमूना प्रदान करना आवश्यक है। बजरंग ने अपने लिखित सबमिशन में कहा कि पिछले दो मामलों में नाडा के आचरण ने एथलीट के मन में अविश्वास पैदा कर दिया था, खासकर जब नाडा ने दोनों ही मामलों में डोपिंग नियंत्रण प्रक्रिया के प्रति उनके उदासीन दृष्टिकोण को स्वीकार करने या यहां तक ??कि प्रतिक्रिया देने में विफल रहा, अपने कर्तव्यों के वितरण से संबंधित उनकी कार्रवाई की जिम्मेदारी लेने में विफलता का मतलब था कि एथलीट नैतिक रूप से एक वरिष्ठ एथलीट के रूप में रिसॉर्ट में रुख अपनाने के लिए बाध्य था, जो खेल समुदाय में अपनी आवाज रखता है।

बजरंग ने यह भी कहा कि 'यह सीधे तौर पर इनकार नहीं था। एथलीट हमेशा अपना नमूना प्रदान करने के लिए तैयार था, बशर्ते कि उसे पहले एक्सपायर किट के उपयोग के संबंध में नाडा से प्रतिक्रिया मिले।'

# पीकेएल-11 : दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींची, मुकाबला 39-39 से टाई कराया

**नोएडा।** दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत को खींचते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार रात रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 78वें मैच को 39-39 से टाई करा लिया। यह इस सीजन का कुल सातवां, दिल्ली का तीसरा और पटना का पहला टाई है। 30वें मिनट तक पटना 33-25 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर दिल्ली ने आशीष के सुपर रेड की बदौलत वापसी की राह पकड़ी और पटना को आलआउट करते हुए लीड भी ले ली लेकिन फिर पटना ने संयम बनाए रखते हुए मैच टाई करा लिया। पटना के लिए देवांक ने 15 अंक बनाए जबकि दीपक और अंकित ने क्रमशः 7 और 5 अंक लिए। दिल्ली के लिए आशु ने एक बार फिर सुपर-10 लगाया जबकि सुपर रेड के साथ आशीष ने सात अंक बटोरे। नवीन ने भी 6 अंक का योगदान दिया।

इस मैच के बाद दोनों टीमें क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर ही बनी हुई हैं।



दोनों टीमों ने शानदार शुरूआत की। पांच मिनट बाद पटना 6-5 से आगे थे। इसमें देवांक के चार और सुपर रेड के साथ आशु के तीन अंक शामिल है। इस बीच आशीष ने पहली रेड पर आए अयान को लपक स्कोर 6-6 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर आशु का शिकार कर पटना को आगे कर दिया।

आशीष ने हालांकि देवांक को एंकल होल्ड कर मामला बराबर कर दिया। इसके बाद पांच के डिफेंस में नवीन डू ओर डाई रेड पर आए लेकिन लपक लिए गए। 10 मिनट बाद पटना 8-7 से आगे थे। ब्रेक के बाद पटना दो अंक से आगे थे और दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन था, जिसका वे फायदा नहीं ले सके और आलआउट होकर 8-14 से पीछे हो गए।

आलइन के बाद पटना ने 1 के मुकाबले देवांक के मल्टी प्वाइंट रेड की बदौलत छह अंक लेकर फासला बढ़ा दिया। पटना ने इस तरह 20-9 स्कोर के साथ पाला बदला। देवांक अपना सुपर-10 पूरा कर चुके थे। दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन वे इसका फायदा नहीं ले सके और दूसरी बार आलआउट हुए। अब पटना 24-11 से आगे थे।

इसके बाद हालांकि आशु की बदौलत दिल्ली ने 1 के मुकाबले 4 अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी।

दिल्ली के डिफेंस ने फिर देवांक को लपक इस पर मुहर लगाई। अब पटना आलआउट की कगार पर थे, जिसे अंजाम देकर दिल्ली ने स्कोर 21-28 कर दिया। इस बीच अंकित ने आशु को लपक हाई-5 पूरा किया।

अगली रेड पर देवांक ने दो अंक लेकर फासला 31-22 कर दिया। दिल्ली ने इसके बाद 3 अंक लेकर वापसी की गुंजाइश बनाए रखी लेकिन लगातार दो अंक के साथ पटना ने 30 मिनट के खेल के बाद स्कोर 33-25 कर दिया। अपनी टीम को लगातार मुकाबले में बनाए रखने के प्रयास के तहत आशु ने सुपर-10 पूरा किया।

दिल्ली ने इसके बाद अयान को सुपर टैकल कर दो अंक बटोर स्कोर 30-36 कर दि?ा। फिर नवीन ने एक शिकार कर फासला 5 का कर दिया। फिर आशीष ने फिर देवांक का शिकार कर फासला 4 का कर दिया।

# छत्तीसगढ़ में इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी जल्द होगी लागू : वनमंत्री केदार कश्यप

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी लागू करने की योजना चल रही है जिसे प्रदेश में जल्द लागू की जाएगी। वन विभाग द्वारा इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य होगा, जहां इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी लागू होगी। अभी तक देश के एक मात्र राज्य केरल में यह पॉलिसी लागू है। इस पॉलिसी के लागू होने से राज्य में वनों का संवर्धन, जल स्त्रोतों का संरक्षण, मिट्टी का कटाव रोकने के साथ ही जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी वनमंत्री केदार कश्यप एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार की देर शाम नया रायपुर के मेफेयर में ह्यक्लाइमेट रेसिलिएंट छत्तीसगढ़ हरित और सशक्त भविष्य की ओरह्ल विषय पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए दी।



यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और पूर्वी राज्यों में जलवायु अनुकूलता और लो कार्बन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान साझा करना और विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद स्थापित करना था।

पर्यावरण संरक्षण हमारी सरकार के सतत विकास लक्ष्यों का अभिन्न हिस्सा

कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों और उससे निपटने के महत्व पर चर्चा की। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि ह्यजनजाति समुदाय सदैव जल, जंगल, और जमीन का संरक्षक रहा है। उन्होंने 1910 के भूमकाल आंदोलन का उल्लेख करते हुए जनजातीय समाज ने अंग्रेजों से अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। श्री कश्यप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सरकार के सतत विकास लक्ष्यों का अभिन्न हिस्सा है।

जलवायु परिवर्तन केवल चर्चा का विषय नहीं , यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का माध्यम

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं को पर्यावरण संरक्षण के आदर्श उदाहरणों के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कैलाश पर्वत और भगवान शिव-पार्वती, गणेश और कार्तिकेय के साथ उनके वाहन नंदी, बाघ, मूषक और मोर सबके एक साथ रहने के उदाहरण देते हुए सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ह्यजलवायु परिवर्तन केवल चर्चा का विषय नहीं है; यह हमारे राज्य और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का माध्यम हैह्ल उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रीन इकॉनमी को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। श्री चौधरी ने ग्रीन इकॉनमी, बायोफ्यूल, और सोलर एनर्जी पर विशेष जोर देते हुए युवाओं को पर्यावरण नवाचारों और हरित निवेश में भागीदारी का आह्वान किया।

**क्लाइमेट स्टूडियो की स्थापना को मिली स्वीकृति**

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पांडे ने कहा कि राज्य सरकार ने क्लाइमेट स्टूडियो की स्थापना को स्वीकृति दी है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नेटिव स्पीशीज के पौधों के रोपण, वन क्षेत्रों के विकास और वेटलैंड संरक्षण की योजनाओं पर जोर दिया। कार्यक्रम में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पर्यावरणविद, शिक्षाविद और नीति-निमार्ताओं ने व्यापक चर्चा की।

इस कार्यशाला में पर्यावरण और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात मिश्रा, सीड के डायरेक्टर डॉ. मनीष राम, क्रेडा के अभिषेक शुक्ला, झारखंड वन विभाग के रवि रंजन, पश्चिम बंगाल सरकार के चीफ एनवायरनमेंट ऑफिसर धर्मदेव राय, ठाकुर प्यारेलाल इंस्टीट्यूट निमोरा के डायरेक्टर पी. सी. मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र के प्रोजेक्ट साइंटिस्ट डॉ. अनिल श्रीवास्तव, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन प्रदीप टंडन, आईआईएम रायपुर के डॉ. राहुल बी. हीरेमथ, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निनाद बोधनकर, सीजी कास्ट के साइंटिस्ट और कलिंगा विश्वविद्यालय के डॉ. मनोज सिंह सहित कई विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# पश्चिम बंगाल में मौसम साफ, कोलकाता सहित कई जिलों में ठंड बढ़ने के संकेत

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम मुख्यतः साफ रहने की संभावना है। कोलकाता समेत राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया है कि कोलकाता में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है। बीते 24 घंटों में यहां बारिश का कोई असर नहीं रहा। राजधानी कोलकाता में अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.3 डिग्री कम है। हवा में नमी का स्तर 49 प्रतिशत



से 88 प्रतिशत के बीच रहा। हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना में भी मौसम साफ रहा। इन इलाकों में सुबह और रात के समय ठंडक का असर महसूस किया जा सकता है, जबकि दिन के समय हल्की धूप के कारण मौसम सुहावना बना रहेगा। वहीं, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर में भी तापमान सामान्य रहने की संभावना है। मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया जैसे उत्तरी जिलों में सुबह के समय हल्की ठंडक बढ़ने के संकेत हैं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जैसे पहाड़ी इलाकों में ठंड बढ़ रही है, जहां तापमान में और गिरावट हो सकती है। राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई है, और अगले 24 घंटों के दौरान भी बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड बढ़ने की संभावना है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुआ-भतीजे की हुई मौत

**जालौन :** जालौन के आटा थाना क्षेत्र के संकट मोचन चौकी के सामने हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक आरजे 14 जीआर 1056 ने बाइक सवार बुआ भतीजे को टक्कर मार दी। इस हादसे में मासूम समेत बुआ भतीजे बुरी तरीके से जख्मी हो गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस को फोन किया जिसकी मदद से उन्हें मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। वहां पर देर रात दोनों की मौत हो गई। दो मौतों की खबर से परिजनों ने कोहराम मच गया। बता दें कि पूरा मामला आटा थाना क्षेत्र के संकट मोचन मंदिर के पास का है। जहां पर बुआ भतीजे बाइक से मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर गिर पड़े और बुरी तरीके से जख्मी हो गए। इस हादसे में साधना देवी पत्नी धर्मेंद्र सिंह व अनिल पुत्र जाहर सिंह की देर रात इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव मेडिकल कॉलेज उरई में पीएम हेतु भिजवाया है। एक घर में हुई दो लोगों की मृत्यु से परिजनों को रो रोकर हुआ बुरा हाल है।

## 22 दिसंबर को मीरजापुर में पीसीएस प्री परीक्षा 21 केंद्रों पर होंगे 10 हजार अभ्यर्थी शामिल

- सीसीटीवी निगरानी में होगी परीक्षा, चयनित विद्यालयों की सूची तैयार

एजेंसी

**मीरजापुर :** जिले में 22 दिसंबर को पीसीएस प्री परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 10 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी और 21 केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी और वॉइस रिकॉर्डिंग की सुविधा अनिवार्य होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राजकुमार दीक्षित ने बताया कि लोक सेवा आयोग ने केंद्रों के लिए 21 विद्यालयों की सूची मांगी है, जिसे तैयार कर भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि यह परीक्षा पहले नवंबर में प्रस्तावित थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था। जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए चयनित केंद्रों पर ही परीक्षा आयोजित करने की संभावना है। पिछले वर्ष 117 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें सीसीटीवी और वॉइस रिकॉर्डर की सुविधाएं उपलब्ध थीं।

## भाजपा के राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नरेश बंसल पहुंचे लखनऊ, पार्टी पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

एजेंसी

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सहचुनाव अधिकारी नरेश बंसल लखनऊ पहुँच चुके हैं। वह आज राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में संगठन पर्व-2024 के तहत आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, पार्टी के सभी संगठनात्मक जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला चुनाव अधिकारी, जिला सहायक चुनाव अधिकारी, जिला सक्रिय सदस्यता सत्यापन अधिकारी के साथ ही मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के मीडिया, सोशल मीडिया एवं आईटी के प्रभारी व सहप्रभारी उपस्थित रहेंगे।

# राजधानी के प्रदूषण में मामूली सुधार, एक्यूआई 315

**नई दिल्ली :** पिछले दो दिनों से राजधानी में प्रदूषण के स्तर में मामूली सुधार हुआ है। बुधवार को भी वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह 10 बजे एक्यूआई 315 दर्ज किया गया। हालांकि राजधानी दिल्ली में चार से पांच किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी जिसके कारण पिछले दो दिनों से प्रदूषण के स्तर में गिरावट दर्ज हुई है। बीते मंगलवार तक लगातार तीन दिनों तक एक्यूआई ह्यबहुत खराबह्ल श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, बुधवार को सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 315 दर्ज हुआ है। जो



बहुत खराब श्रेणी में आता है। पिछले हफ्ते दिल्ली का एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया था जिसके कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेप चार की पाबंदियां लागू कर दी। हालांकि बच्चों के स्कूल अब हाइब्रिड मोड पर शुरू कर दिए गए हैं। आज मुंडका में 360, पूसा में 297, शादीपुर में 376, पंजाबी बाग में 326, द्वारका में 295,एयरपोर्ट में 300 एक्यूआई दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि एक्यूआई को 0 से 50 के बीच 'अच्छा' माना जाता है। वहीं, 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम' और 201 से 300 के बीच 'खराब' माना जाता है। अगर एक्यूआई 301 से 400 के बीच है तो इसे 'बेहद खराब' की श्रेणी में मानते है। वहीं, 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में दबाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के द्वारा मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। दअमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,021.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 124.90 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की



तेजी के साथ 19,179.74 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 44,879.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,258.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,194.51 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 109.22 अंक यानी 0.57 प्रतिशत टूट कर 19,295.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। इंडोनेशिया स्टॉक एक्सचेंज में आज छुट्टी होने के कारण जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में कोई बदलाव नहीं है। हैंग सेंग इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,239.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,276.58 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,197.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,702.76 अंक के स्तर तक गिर गया है। निक्केई इंडेक्स 315.09 अंक यानी 0.83 प्रतिशत टूट कर 38,127.88 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 186.52 अंक यानी 0.82 प्रतिशत फिसल कर 22,489.24 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,510.80 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,431.16 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### रोहड़ू में कार खाई में गिरी, दो की मौत

शिमला : जिला शिमला के रोहड़ू उपमण्डल के चिडगांव थाना क्षेत्र में एक कार हादसे का शिकार हुई। चिड़गांव के अंतर्गत टिक्करी शिलादेश-सडक मार्ग पर गड़सारी के समीप आल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कार में दो युवक सवार थे और इनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान शांता कुमार (35) पुत्र रतन चंद औ? रोशन नाथ (30) पुत्र सालपुर के रूप में हुई है। ये दोनों थलातर गांव के रहने वाले थे। मृतक शांता कुमार जलशक्ति विभाग में कार्यरत था। जबकि रोशन नाथ खेती बाड़ी का काम करता था। कार को शांता कुमार चला रहा था। पुलिस के मुताबिक हादसा मंगलवार शाम को हुआ, जब ये दोनों युवक घर वापस जा रहे थे। इस दौरान चालक ने नियंत्रण खोया और होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों व पुलिस की टीम ने देर शाम शवों को खाई से बाहर निकाला। इस हादसे से इलाके में मातम पसर गया। रोहड़ू के डीएसपी रविंद्र नेगी ने बुधवार को बताया कि शवों का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्करो को किया गिरफ्तार

**जौनपुर :** पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा द्वारा लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पशु तस्करो के पैर में लगातार गोली मारी जा रही है। इस क्रम में मंगलवार देर रात जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज मोड़ के पास में जफराबाद और लाइन बाजार थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने शातिर गौतस्कर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है । मुठभेड़ के दौरान दोनों के पैर में गोली लगी है । आरोपियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पास से तमंचा-कारतूस और चोरी की मोटर साइकिल व 12,200 नगद बरामद किया गया है। इस संबंध में बुधवार सुबह हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से दूरभाष पर बात करते हुए थानाध्यक्षय जफराबाद जय प्रकाश यादव ने बताया कि हम अपने हमराहियों के साथ हौज के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी लाइन बाजार थानाध्यक्षय सतीश सिंह से बातचीत के दौरान सूचना मिली कि भैस व बकरी चोरी करने वाला गिरोह मोटर साइकिल से क्षेत्र में घूम कर रेकी कर रहे है। किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। कई घटनाओ को अंजाम दे चुके है। तभी जौनपुर की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे। बैजाबाद के पास लाइन बाजार पुलिस को घेराबंदी करने के लिए कहा गया। बाइक सवार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया। बदमाश तमंचे से पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा के लिये जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशो के पैर में गोली लग गई और दोनों वही पर गिर गए। इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायरिंग में साहिल पुत्र मुस्तकीम निवासी सरवरपुर थाना खेतासराय व मो दानिश पुत्र असलम निवासी भुड़कुड़हा थाना खेतासराय को गोली लगी। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ जिले के कई थानों में पशु क्रूरता और गौ हत्या निवारण आदि धाराओं के तहत पहले से ही 8 मामले दर्ज हैं।

### लुमडिंग में गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**असम :** पुलिस ने लुमडिंग में भारी मात्रा में गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आज बताया कि दक्षिण लुमडिंग थोक बाजार के पास लुमडिंग पुलिस और होजाई अपराध नियंत्रण शाखा द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में गांजा जब्त किया गया। इस दौरान 17 किलोग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने तीन स्कूटी और दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक अन्य भागने में सफल रहा। दोनों गिरफ्तार तस्करों की पहचान लुमडिंग के अमल डे और संजीत डे उर्फ धन के रूप में हुई है। टिंकू मंडल नामक एक अन्य व्यक्ति, जो वहां मौजूद था, भागने में सफल रहा। पुलिस मामले की जांच और पूछताछ कर रही है।

### कन्नौज: एक्सप्रेस वे पर फिर भीषण हादसा, सैफई के 5 चिकित्सकों की जान गई

**कन्नौज :** आज एक सड़क हादसे में सैफई मेडिकल कॉलेज के 5 डॉक्टरों की मौत हो गई। हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के 3.30 बजे हुआ। तेज रफ्तार स्कार्पियो डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी लेन में आ गई। फिर ट्रक ने स्कार्पियो को रौंद दिया। ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कार्पियो कई मीटर तक घिसटती चली गई। स्कार्पियो में 6 लोग सवार थे, 5 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। मरने वाले सभी डॉक्टर सैफई मेडिकल कॉलेज से पीजी कर रहे थे। यह मंगलवार को एक शादी में शामिल होने लखनऊ आए थे। लौटते वक्त हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में ड्राइवर को झपकी आने और ओवर स्पीड की वजह से हादसा हुआ है। स्कार्पियो ने पहले डिवाइडर को तोड़ा फिर कई पलटी खाते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। उस लेन में तेज रफ्तार ट्रक आ रहा था। कार फिर ट्रक की चपेट में आ गई। सुबह 3:43 बजे कंट्रोल रूम के नंबर पर हादसे की सूचना मिली। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कार्पियो बुरी तरह पिचक गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से गाड़ी को काटकर सभी शवों और घायल को बाहर निकाला। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज का स्टाफ मौके पर पहुंच गया। हादसे में जिन 5 डॉक्टरों की मौत हुई है। उनकी पहचान हो चुकी है। शवों को मोर्चरी में रखा गया है। मृतकों में अनिरुद्ध वर्मा (29) पुत्र पवन कुमार वर्मा निवासी ए 5 राधा विहार एक्सटेंशन कमला नगर आगरा, संतोष कुमार मौर्य पुत्र जीत नारायण निवासी राजपुरा भाग 3 भदोही संत रविदास नगर, अरुण कुमार पुत्र अंगद लाल निवासी तेरामल्लू मोचीपुर कन्नौज,और नरदेव पुत्र राम लखन गंगवार निवासी नवाबगंज बरेली तथा एक व्यक्ति अज्ञात शामिल है। पुलिस ने बताया कि स्कार्पियो सवार एक युवक जयवीर सिंह पुत्र करण सिंह निवासी बुद्ध विहार मुरादाबाद की हालत गंभीर है।

### सापटग्राम के रानीगंज में तीन लोगों को मारी गोली

**धुबड़ी (असम):** सापटग्राम के रानीगंज में हुई फायरिंग में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बाइक पर सवार तीन युवक आए और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। एक ही बाइक पर तीनों युवक आए थे। एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र के मालिक और पोस्ट ऑफिस के संग्राहक पर नजदीक से गोलियां चलाई गईं। उन तीनों पर कई राउंड गोली चलाई गई। जिसमें अबैदुर रहमान को पेट और पैरों में गोली लगी। हमले में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के अबैदुर रहमान, रतन रॉय और अब्दुल गफूर की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मंत्रीमंडल में निरल पुरती, सुखराम उरांव भी हो सकते हैं शामिल?

ज्योति पाठक

**अठाईस** नवम्बर को झारखण्ड सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के रूप में हेमन्त सोरेन शपथ लेंगे। साथ ही साथ झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की ओर से पश्चिम सिंहभूम के दो विधायक निरल पुरती और सुखराम उरांव की चर्चा भी जोरों पर है। मझगांव विधानसभा क्षेत्र से निरंतर तीसरी बार और चैथी बार विधायक बनने वाले निरल पुरती रिकार्ड मतों से चुनाव जीतकर झारखण्ड विधानसभा के लिए चुने गये हैं। मझगांव विधानसभा क्षेत्र से इस बार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने उन्हें एतिहासिक और प्रचण्ड मतों से चुनाव जीताकर विधानसभा भेजा है। श्री पुरती को कुल 94163 मत प्राप्त हुए। वहीं भाजपा के पूर्व विधायक






और मंत्री रह चुके बड़कुंवर गागराई को महज 34560 मत प्राप्त हुए इस प्रकार से श्री पुरती ने श्री गागराई को 59603 मतों से पराजित कर जीत का एक नया इतिहास और रिकार्ड बनाया। इस प्रकार से निरंतर तीन बार विधायक चुने जाने वाले और चैथी बार विधायक बनने वाले श्री पुरती भी मंत्री मंडल में शामिल होने वाले प्रबल दावेदार प्रतीत हो रहे हैं। वहीं चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से निरंतर दुसरी बार विधायक चुने जाने वाले सुखराम उरांव भी पार्टी के वरीय नेता और विधायक हैं। वे भी तीसरी बार विधायक चुने गये हैं। इस प्रकार से उनकी भी दावेदारी मजबुत बताई जा रही है। 28 नवम्बर को होने वाले मंत्री मंडल गठन में पश्चिम सिंहभूम की दावेदारी भी काफी मजबुत है। श्री उरांव ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड को लगभग 9000 से अधिक मतो से पराजित किया।



## भारथी कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**माण्डर।** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, माण्डर में मंगलवार को डाक विभाग, जी.पी.ओ. रांची के तत्वावधान में स्वच्छता कार्यक्रम, प्रभात फेरी तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एन.एस.एस. की ओर से ₹जागो ग्राहक जागो₹ अभियान और निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय के सभागार में संविधान दिवस और जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन कर विशेष झांकी प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैक्षणिक सचिव एवं प्राचार्या दीपाली पराशर तथा सीनियर पोस्ट मास्टर, जी.पी.ओ. रांची के संदीप उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दीपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए करकरा गांव में स्वच्छता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया है, ताकि वे अपने हक से वंचित न रहें।

महाविद्यालय में आयोजित झांकी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ह्झारखंड की आदिवासी संस्कृति में अपार संभावनाएं और प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। महाविद्यालय ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है, ताकि उनकी प्रतिभा को दबने से रोका जा सके।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, जन-जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण पर आधारित विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**मांडर :** थाना क्षेत्र के टांगरबसली के पास मंगलवार शाम करीब छह बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हारिल कुंबाटोली निवासी विपिन एक्का के रूप में हुई है, जो मांडर से अपने घर लौट रहा था।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने विपिन को रेफरल अस्पताल, मांडर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, विपिन के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास जारी है। वहीं, ग्रामीणों ने सड़क पर अज्ञात वाहनों की तेज गति पर नियंत्रण की मांग की है।

## तेलगु समाज ने राम मंदिर प्रांगण में 1101 दीप किया प्रज्वलित



**चक्रधरपुरः** लोको स्थित राम मंदिर प्रांगण में आज तेलगु समाज के द्वारा कार्तिक माह के मंगलवार को मंदिर प्रांगण में भक्तजनों और श्रद्धालुओं के द्वारा 1101 दीप प्रज्वलित कर पुरा मंदिर प्रांगण को प्रकाशमय और उज्जवलमय किया। इस अलौकिक बेला में लोगों की उपस्थिति तथा शिवलिंग पर सजाये गये दीपक काफी अलौकिक दिखाई पड़े। वहीं भगवान राम के तस्वीर के समक्ष भी दीप प्रज्वलित कर पुरा मंदिर परिसर को प्रकाशमय किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के पूजारी ने बताया कि कार्तिक माह के अंतिम सोमवार के दिन तेलगु समाज के द्वारा मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्वलित कर पुरा मंदिर को प्रकाशमय किया जाता है और इसी कार्यक्रम के फलस्वरूप आज इस मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्जवलित किया गया और भक्तजन और श्रद्धालु भी मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाई। राम मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्जवलित के समय लोगों की उपस्थिति देखते ही बनीं। इस अलौकिक दृश्य को देखने दुर-दराज से भी लोग पहुंचे और राम मंदिर मे सजाये गये दीप उत्सव का अवलोकन करने के साथ-साथ इस दृश्य को आनन्द भी लिया।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना



ज्योति पाठक

**स्थानीय** बाटा रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार के दिन विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ मंगल पाठ भी हुआ। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी विश्वनाथ पाठक ने मंगलपाठ करने के साथ-साथ विशेष पूजा अर्चना भी की। मंगलवार के दिन मंदिर प्रांगण में विशेष सजावट काफी अलौकिक भी रही। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के पूजारी श्री पाठक ने बताया कि ठंड को देखते हुए श्रद्धा स्वरूप संकट मोचन बजरंग बली को स्वेटर भी पहनाया गया है तथा राम, लक्ष्मण और माता सीता की भी भव्य सजावट की गयी है। यूँ तो प्रतिदिन इस मंदिर प्रांगण में भक्तजनों और श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ती है किन्तु मुख्य रूप से मंगलवार और शनिवार को भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ काफी रहती है। शहर के हृदय स्थली माने जाने वाले बाटा रोड स्थित इस प्राचीन हनुमान मंदिर में लोगों की प्रारंभ से ही आस्था और श्रद्धा बनी हुयी है और इसी के फलस्वरूप मंगलवार को विशेष पूजा अर्चना के दिन यहां भक्तजनों की भीड़ लगती है। गौरतलब हो कि विश्वनाथ पाठक की पूजा अर्चना की शैली काफी सराही जाती है और उनके पूजा अर्चना भी देखने योग्य होता है।

## विधायक अरूप चटर्जी का तालडांगा में भव्य स्वागत

**धनबाद :** चिरकुंडा क्षेत्र के तालडांगा सहित चिरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों में नवनिर्वाचित निरसा के माले विधायक अरुप चटर्जी को जगह-जगह सम्मानित किया गया। क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत स्टेज बनाया गया और संघर्षपूर्ण जीत की खुशियां मनाई गई। मिठाइयां बांटी गई तथा आतिशबाजी भी की गई। तालडांगा मस्जिद के समिप विधायक अरुप चटर्जी का माला पहना कर स्वागत किया गया। वहीं चिरकुंडा थाना के पास पार्टी कार्यालय में स्वागत किया गया। तालडांगा में हुए कार्यक्रम मे७ शेरू खान एव मोईज खान के द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर प्रो अरुण कुमार, राजु अंसारी, राजद नेता घमंडी यादव, शिक्षाविद सुबीर चटर्जी, संतु चटर्जी, रामजी शर्मा, मानिक लाल गोरायी, कल्याण राय, पूर्व पार्षद वरूण दे, झामुमो नेता काजल चक्रवर्ती, मो कौशर, फिरोज खान, नांटू गोस्वामी आदि लोग मौजूद थे। वहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान अरूप चटर्जी ने कहा कि रोजगार के नए अवसर को लेकर नई व्यवस्था नई नीति बनाने की पहल की जाएगी। स्थानीय स्तर पर बंद उद्योग कल कारखाने को चालू कराना प्राथमिकता रहेगी। बंद उद्योगों को प्रारंभ करने को लेकर भी कार्य किया जाएगा। वे रोजगार के नये अवसरों को बनाने के बाद इस विषय को लेकर के मुख्यमंत्री से भी वार्ता करने की बात कही।

## झारखण्ड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमन्त सोरेन लेंगे शपथ

# निरंतर दूसरी बार और मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार शपथ ग्रहण करेंगे

बिनय मिश्रा

**झारखण्ड** में प्रचण्ड जीत और सहयोगी दलों के साथ कुल 81 विधानसभा क्षेत्रों में से जबरदस्त 56 सीटों पर चुनाव जीतकर झारखण्ड की जनता ने इंडिया गठबंधन को प्रचण्ड बहुमत दिया है। स्थानीय मोरहाबादी मैदान में वृहत रूप से नये सरकार का गठन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री सहित कुल बारह मंत्री इस मंत्रीमंडल के सदस्य होंगे। विधानसभा 2024 से पूर्व झारखण्ड में अबतक निम्नलिखित मुख्यमंत्री और उनका कार्यक्रम इस प्रकार रहा है - 15 नवम्बर 2000 को झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में बाबूलाल मराण्डी ने शपथ ग्रहण किया था और वे 2003 तक मुख्यमंत्री बने रहें। इसके पश्चात अर्जुन मुण्डा 2003 से लेकर 2005 तक, 2005 से 2006 तक इसके पश्चात 2010 से 2013 तक, हेमन्त सोरेन 2013 से 2014 तक, 2019 से 2024 तक जिसमें जुलाई 2024 से लेकर अबतक रहे हैं। शिबु सोरेन मार्च 2005 में महज नौ दिन इसके पश्चात 2008 से 2009 तक तत्पश्चात 2009 से 2010 तक, मधु कोड़ा 2006 से 2008 तक, श्री कोड़ा अब तक के सर्वाधिक समय तक निर्दलीय मुख्यमंत्री के रूप में पदस्थापित रहने का रिकार्ड बनाया है और इसी के फलस्वरूप इनका नाम लिम्का वर्ल्ड रिकार्ड में भी दर्ज है। इसके पश्चात रघुवर दास 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहें। वहीं चम्पाई सोरेन फरवरी 2024 से जुलाई 2024 तक मुख्यमंत्री बनें।

## हावडा-बाडमेर-हावडा एवं हावडा-बीकानेर-हावडा रेल सेवाओं में द्वितीय शयनयान के स्थान पर साधारण श्रेणी डिब्बे होगे

**जयपुर :** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु हावडा-बाडमेर-हावडा एवं हावडा-बीकानेर-हावडा रेलसेवाओं में द्वितीय शयनयान के स्थान पर साधारण श्रेणी डिब्बे लगाये जा रहे है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसारः-

1. गाडी संख्या 12323/12324, हावडा-बाडमेर-हावडा एक्सप्रेस रेलसेवा में हावडा से दिनांक 03.12.24 से एवं बाडमेर से दिनांक 07.12.24 से 02 द्वितीय शयनयान के स्थान पर 02 साधारण श्रेणी डिब्बो की बढोतरी की जा रही है। 2. गाडी संख्या 12371/12372, हावडा-बीकानेर-हावडा एक्सप्रेस रेलसेवा में हावडा से दिनांक 02.12.24 से एवं बीकानेर से दिनांक 05.12.24 से 01 द्वितीय शयनयान के स्थान पर 01 साधारण श्रेणी डिब्बो की बढोतरी की जा रही है।

## भागलपुर-अजमेर-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस हमसफर रेलसेवा के रूप में संचालित होगी

**जयपुरः** रेलवे द्वारा भागलपुर-अजमेर-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा को अब हमसफर के रूप में संचालित किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 13423/13424, भागलपुर-अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस रेलसेवा भागलपुर से दिनांक 06.03.25 से एवं अजमेर से दिनांक 08.03.25 से गाडी संख्या 13423/13424, भागलपुर-अजमेर-भागलपुर हमसफर रेलसेवा के रूप में संचालित होगी।

## भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सड़क हादसे में घायल

# भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सड़क हादसे में घायल

**खूंटीः** भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा के बड़े पुत्र मंगोल मुंडा सड़क हादसे में घायल हो गये हैं। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद खूंटी डीसी लोकेश मिश्रा ने मंगोल मुंडा की बेहतर इलाज के लिए सिविल सर्जन के नेतृत्व में रिम्स में चिकित्सकों द्वारा इलाज कराया जा रहा है। चिकित्सकों के परामर्श पर कहीं और ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी।




ग्रामीणों और परिजनों से मिली जानकारी अनुसार सोमवार को शाम चार पांच बजे के बीच मंगोल मुंडा अपने एक मित्र के साथ एक सवारी गाड़ी की छत पर सवार होकर खूंटी से तमाड़ जा रहे थे। इसी दौरान सायको थाना क्षेत्र के रुताडीह मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गयी। वाहन पलटने से छत पर बैठे मंगोल मुंडा और उनका मित्र सड़क पर गिर गए। जिसके कारण मंगोल मुंडा को काफी गंभीर चोटें आईं जबकि उनके मित्र को मामूली चोट लगी।

इसी बीच समाजसेवी बिनसाय मुंडा कुछ लोगों के साथ उसी रास्ते से खूंटी जा रहे थे। उन्होंने देखा कि सड़क पर एक सवारी गाड़ी पलटी हुई है, उसके बाद उन लोगों द्वारा घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया दिया और सायको पुलिस को सूचना दी गयी। जानकारी मिलने के बाद सायको पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी को जब्त कर लिया। गाड़ी में सवार अन्य लोग दूसरे वाहन से जा चुके थे।

घायल मंगोल मुंडा के भाई जंगल मुंडा ने बताया कि उन्हें सोमवार देर शाम इस घटना की जानकारी मिली थी। सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी के साथ रिम्स आये हैं जहां घायल मंगोल मुंडा का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर है।

जंगल मुंडा ने बताया कि उनके बड़े भाई मंगोल मुंडा मुरहू प्रखंड कार्यालय में अनुसेवक के पद पर कार्यरत हैं लेकिन कई दिनों से ड्यूटी पर नहीं जा रहे थे। मानसिक तौर पर बीमार रहने कर कारण वे समय पर ड्यूटी नहीं करते थे। दिमागी बीमारी को लेकर उनका जड़ी-बूटी से भी इलाज चल रहा था। इस सड़क दुर्घटना को लेकर थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम ने बताया कि सवारी गाड़ी को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## लातेहार में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**लातेहारः** जिले के सदर थाना क्षेत्र के दुड़ंगी गांव के पास मंगलवार को सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृत युवक की पहचान लातेहार शहर के चाणक्य नगरी निवासी राम लोहरा के रूप में की गई है। मृत युवक के सिर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। जिसे देखते हुए परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल, मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि दुड़ंगी गांव के पास सड़क के किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। युवक के सिर पर गहरे चोट के निशान मिले हैं। अस्पताल में ही कुछ लोगों ने युवक की पहचान की। इसके बाद घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृत युवक की पत्नी और अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे।

**शादी समारोह में गए थे परिजन :** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक पत्नी के साथ लातेहार से बाहर एक शादी समारोह में भाग लेने गया था, लेकिन रात में वह शादी समारोह से अचानक कहीं चला गया। मंगलवार को परिजनों को सूचना मिली कि उसका शव अस्पताल में पड़ा हुआ है। इधर, घटना के संबंध में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण पासवान ने बताया कि मृत युवक का परिवार काफी गरीब है। उन्होंने कहा कि शव को देखने से स्पष्ट लग रहा है युवक की हत्या की गई है और शव को फेंक दिया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मृत युवक के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि मृत युवक का अंतिम संस्कार किया जा सके।



## एक्सएलआरआई जमशेदपुर में विशाल-शेखर की जोड़ी ने मचाया धमाल, जमकर थिरके लोग

**जमशेदपुरः** बिस्टुपुर क्षेत्र स्थित उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान छफ्क्र के वार्षिक बिजनेस फेस्ट 'ऑन्सेंबल वल्हल्ला' के अंतर्गत म्यूजिकल कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें बॉलीवुड फेम विशाल और शेखर की जोड़ी ने देर रात तक धूम मचाया। एक्सएलआरआई द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक बिजनेस फेस्ट का आयोजन किया जाता है। जिसमें उद्योग जगत के कई चर्चित लोग शामिल होते हैं। इस साल का वार्षिक बिजनेस फेस्ट 'ऑन्सेंबल वल्हल्ला' के अंतर्गत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में देशभर के कई प्रमुख बिजनेस स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इधर, बॉलीवुड संगीतकार की मशहूर जोड़ी विशाल-शेखर ने सोमवार की शाम छफ्क्र में अपने संगीत के जादू से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान विशाल डडलानी ने जैसे ही अपने मशहूर गाने 'डिस्को दीवाने' से शुरूआत की, पूरा एक्सएलआरआई का फुटबॉल मैदान डांस फ्लोर में बदल गया। शाहरुख खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' का टाइटल सांग 'ओम शांति ओम' ने तो उपस्थित सभी लोगों का उत्साह और बढ़ा दिया। जबकि 'बचना ऐ हसीनों' जैसे लोकप्रिय गाने गाकर उन्होंने 90 के दशक की यादें ताजा कर दी। इस शानदार म्यूजिकल फेस्ट के साथ तीन दिनों से चल रहे एक्सएलआरआई के बिजनेस फेस्ट 'ऑन्सेंबल वल्हल्ला' का समापन हो गया।

## विद्यार्थियों ने ली भारतीय संविधान की रक्षा की शपथ

**बोकारोः** भारत का संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही संवैधानिक दायित्वों व अधिकारों की महत्ता से अवगत कराने तथा इसके प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर संवैधानिक प्रावधानों और नियमों के अनुपालन तथा इसकी रक्षा की शपथ ली। बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना को रंग-बिरंगे अक्षरों में कलाकृति बनाकर लिखे। उन्होंने संविधान-निमार्ता बाबा साहब डॉ। भीमराव अंबेडकर की तस्वीर बनाई तथा आकर्षक चित्रकारी करते हुए पोस्टर आदि भी तैयार किए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ। एएस गंगवार ने संविधान दिवस की महत्ता रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी है। उन्होंने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद बताते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान, समृद्धि व शांति के लिए इसका सम्मान और अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित दस्तावेज व राष्ट्रीय ग्रंथ स्वरूप है, जिसे अंगीकृत किए हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है।

# सर्दियों तथा कोहरे के मौसम में संरक्षित रेल संचालन के लिए रेलवे पूर्ण मुस्तैद

## रेल संचालन में संरक्षा हेतु किये विशेष प्रबन्ध

**जयपुर :** उत्तर भारत में सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के कारण मुख्यतः रेल यातायात भी प्रभावित होता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल के रेलखण्ड प्रमुखतः कोहरे की अधिकता से प्रभावित रहते है। कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डो में रेलसेवाओं के सुरक्षित संचालन के लिये रेलवे ने विशेष अतिरिक्त प्रबन्ध किये है। जिसमें सम्बंधित विभाग इंजीनियरिंग, सिगनल एंव दूरसंचार, विद्युत, यांत्रिक, परिचालन व संरक्षा विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की परिस्थिति में संरक्षित रेल संचालन हेतु दिशानिर्देश जारी किये गए है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के दौरान गाडी संचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा को देखते उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष प्रबंध किये गए है। संरक्षित रेल संचालन को सुनिश्चित करने के लिये श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए समीक्षा बैठक में भी निर्देशित किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डों में चलने वाली समस्त रेलसेवाओं के लोको पायलट को फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध करवाये गए है। सम्पूर्ण उत्तर पश्चिम रेलवे पर लगभग 900 फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध है एवं इन सभी में धुन्ध/कोहरे वाले रेलखण्ड की जीपीएस मैपिंग कर दी गई है। इस रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल पर प्रायः धुन्ध एवं कोहरे की अधिकता रहती है। इस कारण इन मण्डलों पर अधिक संख्या में फोग सेफ्टी डिवाईस का प्रयोग किया जाता है। फोग सेफ्टी डिवाईस को इंजन पर लगा दिया जाता है, यह डिवाईस ऑन होने के बाद जीपीएस प्रणाली द्वारा उस खण्ड में स्थित सभी सिग्नलों की दूरी के बारे में लोको पायलेट को पूर्व में ही अवगत कराता रहता है। जिससे लोको पायलेट अपनी गाडी की स्पीड की नियंत्रित कर संरक्षा सुनिश्चित करता है।

इसके अतिरिक्त कोहरे वाले रेलखण्डों में सभी स्तर के कर्मचारियों के लिए सेफ्टी सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है तथा कम तापमान के दौरान रेल/वेल्डिंग फेलियर की पहचान कर उनको रिपेयर किया जा रहा है तथा फिश प्लेटों का अनुरक्षण, ट्रेक रिन्यूअल जैसे कार्य पूरे किए जा रहे है। कोहरे वाले रेलखण्ड के स्टेशनों, समपार फाटकों एवं पूर्व चिन्हित जगहों पर डेटोनेटर (पटाखे) की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। लोको पायलेट को सिगनल एवं अन्य संकेतको की दृश्यता ठीक प्रकार से दिखे इसके लिए संकेतको पर पुनः पेटिंग एवं चमकीले साईन बोर्ड तथा संकेतको के पास गिट्टियों को चुने से रंगा गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे खण्ड में पेट्रोलिंग की आवृति को बढाकर रेलपथ की निगरानी को बढाया गया है। कोहरे के मौसम में संरक्षा को सुदृढ करने के लिए रेलकर्मियों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था, निरीक्षकों/अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टॉफ की सजगता को लगातार चैक किया जा रहा है।

कोहरे के मौसम में रेलयात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा हेतु कटिबद्ध है। कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डों में गाडियॉ देरी से संचालित हो सकती है। इसके साथ ही कुछ रेलसेवाओं को रद्द कर उनकी आवृति को कम किया गया है ताकि वह संचालित दिनों में समयपालनता को बनाये रख सके। अतः यात्रा शुरू करने से पूर्व रेलवे की अधिकृत वेबसाईट पर अपनी ट्रेन की वर्तमान स्थिति देखकर ही जाये एवं असुविधा से बचें।